अपभ्रंश रचना सौरभ

डॉ. कमलचन्द सोगाणी

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपभ्रंश रचना सौरभ

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
पूर्व प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र
सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

◆ प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी,
जैनविद्या संस्थान,
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी,
श्रीमहावीरजी - 322 220 (राजस्थान)

◆ प्राप्ति स्थान
1. जैनविद्या संस्थान, श्रीमहावीरजी
2. साहित्य विक्रय केन्द्र
दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारकजी,
सवाई रामसिंह रोड,
जयपुर - 302 004

◆ द्वितीय संस्करण, 2003
◆ प्रतियाँ 2000

◆ मूल्य 70.00

◆ कम्प्यूटर टाईपसैटिंग
आयुष ग्राफिक्स
डी-173-(ए), बापू नगर, जयपुर - 302 015
फोन :- (नि.) 2708265, (मो.) 94140-76708

◆ मुद्रक
जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि.
एम. आई. रोड, जयपुर - 302 001

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डॉ. हरिवल्लभ चुनीलाल भायाणी

एवं

स्व. डॉ. हीरालाल जैन

को

सादर समर्पित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

पाठ सं.	विषय		पृ.सं.
	आरम्भिक (द्वितीय संस्करण)		i
	प्रकाशकीय (प्रथम संस्करण)		iii
	प्रस्तावना (प्रथम संस्करण)		v
	प्रारम्भिक		vii
पाठ 1	सर्वनाम		1
	उत्तम पुरुष एकवचन	**वर्तमानकाल**	
पाठ 2	सर्वनाम		2
	मध्यम पुरुष एकवचन	**वर्तमानकाल**	
पाठ 3	सर्वनाम		3
	अन्य पुरुष एकवचन	**वर्तमानकाल**	
पाठ 4	सर्वनाम-एकवचन		4
	आकारान्त आदि क्रियाएँ	**वर्तमानकाल**	
पाठ 5	सर्वनाम		5
	उत्तम पुरुष बहुवचन	**वर्तमानकाल**	
पाठ 6	सर्वनाम		7
	मध्यम पुरुष बहुवचन	**वर्तमानकाल**	
पाठ 7	सर्वनाम		9
	अन्य पुरुष बहुवचन	**वर्तमानकाल**	
पाठ 8	सर्वनाम-बहुवचन		11
	आकारान्त आदि क्रियाएँ	**वर्तमानकाल**	
पाठ 9	सर्वनाम		13
	उत्तम पुरुष एकवचन	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 10	सर्वनाम		14
	मध्यम पुरुष एकवचन	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 11	सर्वनाम		16
	अन्य पुरुष एकवचन	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 12	सर्वनाम - एकवचन		17
	आकारान्त आदि क्रियाएँ	**विधि एवं आज्ञा**	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ सं.	विषय		पृ.सं.
पाठ 13	सर्वनाम		18
	उत्तम पुरुष बहुवचन	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 14	सर्वनाम		20
	मध्यम पुरुष बहुवचन	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 15	सर्वनाम		22
	अन्य पुरुष बहुवचन	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 16	सर्वनाम-बहुवचन		24
	आकारान्त आदि क्रियाएँ	**विधि एवं आज्ञा**	
पाठ 17	**अकर्मक क्रियाएँ**		26
	अभ्यास		
पाठ 18	सर्वनाम		28
	उत्तम पुरुष एकवचन	**भविष्यत्काल**	
पाठ 19	सर्वनाम		29
	मध्यम पुरुष एकवचन	**भविष्यत्काल**	
पाठ 20	सर्वनाम		30
	अन्य पुरुष एकवचन	**भविष्यत्काल**	
पाठ 21	सर्वनाम-एकवचन		32
	आकारान्त आदि क्रियाएँ	**भविष्यत्काल**	
पाठ 22	सर्वनाम		33
	उत्तम पुरुष बहुवचन	**भविष्यत्काल**	
पाठ 23	सर्वनाम		35
	मध्यम पुरुष बहुवचन	**भविष्यत्काल**	
पाठ 24	सर्वनाम		37
	अन्य पुरुष बहुवचन	**भविष्यत्काल**	
पाठ 25	सर्वनाम-बहुवचन		39
	आकारान्त आदि क्रियाएँ	**भविष्यत्काल**	
पाठ 26	**अभ्यास**		42
पाठ 27	**सम्बन्धक भूत कृदन्त**		44
पाठ 28	**हेत्वर्थक कृदन्त**		46

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ सं.	विषय		पृ.सं.
पाठ 29	संज्ञाएँ एवं क्रियाएँ		
	अकारान्त संज्ञा शब्द	**पुल्लिंग**	48
	अकर्मक क्रियाएँ		
पाठ 30	अकारान्त संज्ञा	पुल्लिंग	50
	प्रथमा एकवचन		
पाठ 31	अकारान्त संज्ञा	पुल्लिंग	52
	प्रथमा बहुवचन		
पाठ 32	**अभ्यास**		54
पाठ 33	संज्ञाएँ एवं क्रियाएँ		
	अकारान्त संज्ञा शब्द	**नपुंसकलिंग**	56
	अकर्मक क्रियाएँ		
पाठ 34	अकारान्त संज्ञा	नपुंसकलिंग	58
	प्रथमा एकवचन		
पाठ 35	अकारान्त संज्ञा	नपुंसकलिंग	60
	प्रथमा बहुवचन		
पाठ 36	**अभ्यास**		62
पाठ 37	संज्ञाएँ एवं क्रियाएँ		
	आकारान्त संज्ञा शब्द	**स्त्रीलिंग**	63
	अकर्मक क्रियाएँ		
पाठ 38	आकारान्त संज्ञा	स्त्रीलिंग	65
	प्रथमा एकवचन		
पाठ 39	आकारान्त संज्ञा	स्त्रीलिंग	67
	प्रथमा बहुवचन		
पाठ 40	**अभ्यास**		69
पाठ 41	**भूतकालिक कृदन्त**	**कर्तृवाच्य**	70
पाठ 42	**वर्तमान कृदन्त**		74
पाठ 43	**अभ्यास**		79
पाठ 44	**भूतकालिक कृदन्त**	**भाववाच्य**	80
पाठ 45	**अभ्यास**		83
पाठ 46	**अकर्मक क्रियाएँ**	**भाववाच्य**	84
पाठ 47	**अभ्यास**		87
पाठ 48	**विधि कृदन्त**	**भाववाच्य**	88

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ सं.	विषय		पृ.सं.
पाठ 49	**अभ्यास**		92
पाठ 50	संज्ञा-सर्वनाम द्वितीया एकवचन		93
	सकर्मक क्रियाएँ		
पाठ 51	संज्ञा-सर्वनाम द्वितीया बहुवचन	पु.-नपुं.-स्त्रीलिंग	96
	सकर्मक क्रियाएँ		
पाठ 52	**सकर्मक क्रियाएँ**		99
	अभ्यास		
पाठ 53	**सकर्मक क्रियाएँ**	**कर्मवाच्य**	101
पाठ 54	संज्ञा - शब्द	पुल्लिंग	109
	इकारान्त, उकारान्त		
	सकर्मक क्रियाएँ		
पाठ 55	**अभ्यास**		111
पाठ 56	**भूतकालिक कृदन्त**	**कर्मवाच्य**	112
पाठ 57	**अभ्यास**		115
पाठ 58	**इकारान्त, उकारान्त** संज्ञा शब्द	पु.-नपुं.-स्त्रीलिंग	116
पाठ 59	**सकर्मक क्रियाएँ**		118
पाठ 60	इकारान्त, उकारान्त संज्ञाएँ		119
	प्रथमा, तृतीया		
	एकवचन, बहुवचन		
पाठ 61	**विधि कृदन्त**	**कर्मवाच्य**	122
पाठ 62	**अभ्यास**		127
पाठ 63	**विविध कृदन्त**		128
	द्वितीयासहित		
पाठ 64	**अभ्यास**		130
पाठ 65	संज्ञा-सर्वनाम	पु.-नपुं.-स्त्रीलिंग	131
	चतुर्थी-षष्ठी एकवचन		
पाठ 66	संज्ञा	इका., उका., पु.-नपु.	135
	चतुर्थी-षष्ठी एकवचन		
पाठ 67	संज्ञा-सर्वनाम	पु.-नपुं.-स्त्रीलिंग	137
	चतुर्थी-षष्ठी बहुवचन		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ सं.	विषय		पृ.सं.
पाठ 68	संज्ञा	इका., उका., पु.-नपु.	141
	चतुर्थी-षष्ठी बहुवचन		
पाठ 69	अभ्यास		143
पाठ 70	संज्ञा-सर्वनाम		144
	पंचमी एकवचन		
पाठ 71	संज्ञा		146
	पंचमी एकवचन		
पाठ 72	संज्ञा		147
	पंचमी बहुवचन		
पाठ 73	संज्ञा-सर्वनाम		148
	पंचमी बहुवचन		
पाठ 74	संज्ञा		149
	सप्तमी एकवचन		
पाठ 75	संज्ञा-सर्वनाम		150
	सप्तमी बहुवचन		
पाठ 76	संज्ञा		151
	सम्बोधन, एक-बहुवचन		
पाठ 77	प्रेरणार्थक प्रत्यय		152
पाठ 78	स्वार्थिक प्रत्यय		156
पाठ 79	विविध सर्वनाम		157
	अभ्यास		
पाठ 80	अव्यय		159
पाठ 81	क्रिया-रूप व प्रत्यय		160
पाठ 82	क्रिया-रूप व प्रत्यय		163
पाठ 83	(क) संज्ञा-रूप		164
	(ख) सर्वनाम-रूप		170
	(ग) संख्यावाची रूप		185
पाठ 84	संज्ञाशब्दरूपों के प्रत्यय		193
परिशिष्ट 1	संज्ञा कोष		208
परिशिष्ट 2	क्रिया कोष		217

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आरम्भिक

(द्वितीय संस्करण)

'अपभ्रंश रचना सौरभ' का द्वितीय संस्करण पाठकों के हाथों में समर्पित करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। इसके प्रथम संस्करण का पाठकों ने भरपूर उपयोग किया, इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

तीर्थंकर महावीर ने धर्म-प्रचार के निमित्त तत्कालीन लोक-भाषा 'प्राकृत' का प्रयोग किया। प्राकृत भाषा की परम्परा अपभ्रंश को प्राप्त हुई, और अपभ्रंश की कोख से ही सिन्धी, पंजाबी, मराठी, गुजराती, राजस्थानी, बिहारी, उड़िया, बंगला, असमी, पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी आदि भारतीय भाषाओं का जन्म हुआ है। इस तरह से राष्ट्रभाषा व लगभग सभी नव्य भारतीय आर्यभाषाओं का मूलस्रोत होने का गौरव अपभ्रंश भाषा को प्राप्त है।

'अपभ्रंश ईसा की लगभग सातवीं शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक सम्पूर्ण उत्तर भारत की सामान्य लोक-जीवन के परस्पर व्यवहार की बोली रही है।' डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन का कथन है कि अपभ्रंश के महाकवि स्वयंभू और पुष्पदन्त अपने समय की लोक-भाषा अपभ्रंश में नहीं लिखते तो सम्भवतः 'पृथ्वीराज रासो', 'सुरसागर', और 'रामचरितमास' का सृजन लोक-भाषाओं में सम्भव नहीं होता। डॉ. रंजनसूरिदेव लिखते हैं, 'रचना-प्रक्रिया की दृष्टि से गोस्वामी तुलसीदास भी महाकवि स्वयंभू के काव्य-वैभव एवं भाषिकी गरिमा से पूर्णत: प्रभावित हैं।' राजा भोज के युग में (1022-1063 ई.) अपभ्रंश कवियों का राजदरबारों में सम्मानपूर्ण स्थान था।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि अपभ्रंश भाषा और साहित्य का विकसित रूप ही हिन्दी है। डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार- 'साहित्यिक परम्परा की दृष्टि से विचार किया जाए तो अपभ्रंश के सभी काव्यरूपों की परम्परा हिन्दी में ही सुरक्षित है।' द्विवेदी जी ने तो अपभ्रंश को हिन्दी की 'प्राणधारा' ही कहा है। हिन्दी को ठीक से समझने के लिए अपभ्रंश की जानकारी आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। अत: राष्ट्रभाषा हिन्दी सहित आधुनिक भारतीय भाषाओं के सन्दर्भ में यह कहना कि अपभ्रंश का अध्ययन राष्ट्रीय चेतना और एकता का पोषक है, उचित प्रतीत होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी द्वारा संचालित 'जैनविद्या संस्थान' के अन्तर्गत 'अपभ्रंश साहित्य अकादमी' की स्थापना सन् 1988 में की गई। वर्तमान में इसके माध्यम से प्राकृत-अपभ्रंश का अध्यापन पत्राचार से किया जाता है। 'अपभ्रंश काव्य सौरभ', 'अपभ्रंश अभ्यास सौरभ', 'प्रौढ अपभ्रंश रचना सौरभ भाग-1', 'प्रौढ प्राकृत अपभ्रंश रचना सौरभ भाग-2' अकादमी के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन हैं। आशा है अपभ्रंश के अध्ययनार्थियों के लिए इस पुस्तक का द्वितीय संस्करण उपयोगी सिद्ध होगा।

पुस्तक प्रकाशन के लिए अपभ्रंश साहित्य अकादमी के कार्यकर्ता एवं जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि. धन्यवादार्ह हैं।

नरेश कुमार सेठी	**नरेन्द्र कुमार पाटनी**	**डॉ. कमलचन्द सोगाणी**
अध्यक्ष	मंत्री	संयोजक
प्रबन्धकारिणी कमेटी		जैनविद्या संस्थान समिति
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी		जयपुर

तीर्थंकर मल्लिनाथ जन्म कल्याणक दिवस
मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी, वीर निर्वाण सं. 2530
4 दिसम्बर, 2003

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

(प्रथम संस्करण)

हमारे देश में प्राचीनकाल से ही लोकभाषाओं में साहित्य-रचना होती रही है। 'अपभ्रंश' भी एक ऐसी ही लोकभाषा/जनभाषा थी जिसमें जीवन की सभी विधाओं में पुष्कलमात्रा में साहित्य रचा गया। 8वीं से 13वीं शताब्दी तक यह सारे उत्तर-भारत की साहित्यिक भाषा रही। अपभ्रंश साहित्य की विशालता, लोकप्रियता और महत्ता के कारण ही आचार्य हेमचन्द्र ने अपने 'प्राकृत-व्याकरण' के चतुर्थ पाद में सूत्र संख्या 329 से 446 तक स्वतन्त्र रूप से अपभ्रंश भाषा की व्याकरण-रचना की।

अपभ्रंश भारतीय आर्यभाषाओं (उत्तर-भारतीय भाषाओं) की जननी है, उनके विकास की एक अवस्था है। अत: हिन्दी एवं अन्य सभी उत्तर-भारतीय भाषाओं के विकास के इतिहास के अध्ययन के लिये अपभ्रंश भाषा का अध्ययन आवश्यक है।

अनेक कारणों से अपभ्रंश का साहित्य प्रकाशित न होने से इसकी रुचि पाठकों में न पनप सकी और इसके समुचित ज्ञान का अभाव बना रहा। धीरे-धीरे यह अपरिचय की ओट में छिप गई, इसके अध्ययन-अध्यापन की भी उचित व्यवस्था न हो सकी, परिणामत: अपभ्रंश का अध्ययन अत्यन्त दुष्कर हो गया।

अपभ्रंश साहित्य के अध्ययन-अध्यापन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी द्वारा संचालित जैनविद्या संस्थान के अन्तर्गत 'अपभ्रंश साहित्य अकादमी' की स्थापना 1988 में की गई। अकादमी का प्रयास है - अपभ्रंश के अध्ययन-अध्यापन को सशक्त करके उसके सही रूप को सामने रखना जिससे प्राचीन साहित्यिक-निधि के साथ-साथ आधुनिक आर्यभाषाओं के स्वभाव और उनकी सम्भावनाएँ भी स्पष्ट हो सकें।

किसी भी भाषा को सीखने, जानने, समझने के लिये उसके रचनात्मक स्वरूप/संरचना को जानना आवश्यक है। अपभ्रंश के अध्ययन के लिये भी उसकी रचना-प्रक्रिया एवं व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है। 'अपभ्रंश रचना सौरभ' इसी क्रम का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक प्रकाशन है। यद्यपि अपभ्रंश व्याकरण सम्बन्धी कुछ पुस्तकें प्रकाशित हैं किन्तु आचार्य हेमचन्द्र के सूत्रों के आधार पर अनुवाद एवं रचना कार्य की दृष्टि से हिन्दी में तथा आधुनिक शैली में प्रकाशित पुस्तक का अभाव ही है।

'अपभ्रंश रचना सौरभ' इस दिशा में प्रथम व अनूठा प्रयास है। इसकी शैली, प्रणाली एवं प्रस्तुतिकरण अत्यन्त सहज, सरल, सुबोध, एवं नवीन/आधुनिक है जो विद्यार्थियों के लिये अत्यन्त उपयोगी है। शिक्षक के अभाव में स्वयं पढ़कर भी पाठक/विद्यार्थी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। इस अर्थ में 'अपभ्रंश रचना सौरभ' 'अपभ्रंश शिक्षक' सिद्ध होगी।

इसके रचनाकार हैं डॉ. कमलचन्द सोगाणी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दर्शनविभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर। भाषा/भाषिक अर्थ/भाषिक संरचना का दर्शन से एक सूक्ष्म और अव्यक्त सम्बन्ध होता है, शायद यही कारण है कि डॉ. सोगाणी दर्शन के प्रोफेसर होते हुये भी अपभ्रंश-प्राकृत आदि प्राचीन भाषाओं से जुड़े हुए हैं। अपभ्रंश-प्राकृत जगत् में आपका नाम खूब जाना-माना है। 'अपभ्रंश रचना सौरभ' के लिए हम उनके अत्यन्त आभारी हैं। पुस्तक प्रकाशन में सहयोगी कार्यकर्त्ता एवं मुद्रण के लिये मदरलैण्ड प्रिण्टिंग प्रेस, जयपुर धन्यवादार्ह है।

ऋषभ निर्वाण दिवस
माघ कृष्ण चतुर्दशी, वि. सं. 2047
जयपुर

ज्ञानचन्द्र खिन्दूका
संयोजक
जैनविद्या संस्थान समिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

(प्रथम संस्करण)

अपभ्रंश भारतीय आर्य-परिवार की एक सुसमृद्ध लोक भाषा रही है। इसका प्रकाशित-अप्रकाशित विपुल साहित्य इसके विकास की गौरवमयी गाथा कहने में समर्थ है। स्वयंभू, पुष्पदन्त, धनपाल, वीर, नयनन्दि, कनकामर, जोइन्दु, रामसिंह, हेमचन्द्र, रइधू आदि अपभ्रंश भाषा के अमर साहित्यकार हैं। कोई भी देश व संस्कृति इनके आधार से अपना मस्तक ऊँचा रख सकती है। विद्वानों का मत है "अपभ्रंश ही वह आर्य भाषा है जो ईसा की लगभग सातवीं शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक सम्पूर्ण उत्तर-भारत की सामान्य लोक-जीवन के परस्पर भाव-विनिमय और व्यवहार की बोली रही है।[1]" यह निर्विवाद तथ्य है कि अपभ्रंश की कोख से ही सिन्धी, पंजाबी, मराठी, गुजराती, राजस्थानी, बिहारी, उड़िया, बंगला, असमी, पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी आदि आधुनिक भारतीय भाषाओं का जन्म हुआ है। इस तरह से राष्ट्र भाषा का मूल स्रोत होने का गौरव अपभ्रंश भाषा को प्राप्त है। यह कहना युक्तिसंगत है - "अपभ्रंश और हिन्दी का सम्बन्ध अत्यन्त गहरा और सुदृढ़ है, वे एक-दूसरे की पूरक हैं। हिन्दी को ठीक से समझने के लिए अपभ्रंश की जानकारी आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है।"[2] डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार - "हिन्दी साहित्य में (अपभ्रंश की) प्राय: पूरी परम्पराएँ ज्यों की त्यों सुरक्षित हैं।"[2] अत: राष्ट्रभाषा हिन्दीसहित आधुनिक भारतीय भाषाओं के सन्दर्भ में यह कहना कि अपभ्रंश का अध्ययन राष्ट्रीय चेतना और एकता का पोषक है, उचित प्रतीत होता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अपभ्रंश भाषा को सीखना-समझना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसी बात को ध्यान में रखकर **"अपभ्रंश रचना सौरभ"** नामक पुस्तक की रचना की गई है। इस पुस्तक के पाठों को ऐसे क्रम में रखा गया है जिससे पाठक सहज-सुचारु रूप से अपभ्रंश भाषा के व्याकरण को सीख

---

1. हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योग, डॉ. नामवरसिंह, पृष्ठ 287।
2. अपभ्रंश और अवहट्ट : एक अन्तर्यात्रा, डॉ. शम्भूनाथ पाण्डेय, 1979, पृ. 9।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सकें और अपभ्रंश में रचना करने का अभ्यास भी कर सकें। अपभ्रंश में वाक्य-रचना के द्वारा ही अपभ्रंश का व्याकरण सिखाने का प्रयास किया गया है।

हेमचन्द्राचार्य के अपभ्रंश-व्याकरण के सूत्रों का आधार प्रस्तुत पुस्तक के पाठों में लिया गया है। व्याकरण के जो पक्ष इसमें छूट गए हैं उनको '**प्रौढ़ अपभ्रंश रचना सौरभ**' में दिया जाएगा। पाठकों के सुझाव मेरे बहुत काम के होंगे।

आभार

व्याकरण-रचना से सम्बन्धित पुस्तकों का प्रूफ-संशोधन का कार्य अत्यन्त कठिन होता है। किन्तु मुझे हर्ष है कि अपभ्रंश के मेरे विद्यार्थियों-सुश्री प्रीति जैन और सुश्री सीमा बत्रा ने, जिन्होंने अकादमी की 'अपभ्रंश डिप्लोमा' परीक्षा उत्तीर्ण की है और जो अकादमी में कार्यरत हैं, इस कठिन कार्य को सहर्ष और रुचिपूर्वक सम्पन्न किया है। अत: मैं उनका आभारी हूँ। मैं सुश्री प्रीति जैन का विशेष रूप से आभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक में महत्त्वपूर्ण सुधार सुझाए और विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से प्रस्तुतिकरण को संशोधित किया।

मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी सोगाणी ने इस पुस्तक को लिखने में जो सहयोग दिया है उसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए जैनविद्या संस्थान समिति एवं उसके संयोजक श्री ज्ञानचन्द्र जी खिन्दूका ने जो व्यवस्था की है उसके लिए आभार प्रकट करता हूँ।

कमलचन्द सोगाणी

परामर्शदाता
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जयपुर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रारम्भिक

अपभ्रंश भाषा के सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य जानकारी आवश्यक है -

अपभ्रंश की वर्णमाला

स्वर - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ।

व्यंजन - क, ख, ग, घ, ङ।
च, छ, ज, झ, ञ।
ट, ठ, ड, ढ, ण।
त, थ, द, ध, न।
प, फ, ब, भ, म।
य, र, ल, व।
स, ह।
ः, ।, ँ

यहाँ ध्यान देने योग्य है कि असंयुक्त अवस्था में **ङ** और **ञ** का प्रयोग अपभ्रंश में नहीं पाया जाता है। हेमचन्द्र कृत अपभ्रंश व्याकरण में **ङ** और **ञ** का संयुक्त प्रयोग उपलब्ध है। **न** का भी संयुक्त और असंयुक्त अवस्था में प्रयोग देखा जाता है। **ङ, ञ, न** के स्थान पर संयुक्त अवस्था में अनुस्वार भी विकल्प से होता है।

वचन

अपभ्रंश भाषा में दो ही वचन होते हैं- एकवचन और बहुवचन।

लिंग

अपभ्रंश भाषा में तीन लिंग होते हैं- पुल्लिग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग।

पुरुष

अपभ्रंश भाषा में तीन पुरुष होते हैं- उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कारक

अपभ्रंश भाषा में आठ कारक होते हैं -

	विभक्ति	कारक	कारक-चिह्न
1.	प्रथमा	कर्त्ता	ने
2.	द्वितीया	कर्म	को
3.	तृतीया	करण	से, द्वारा आदि
4.	चतुर्थी	संप्रदान	के लिए
5.	पंचमी	अपादान	से
6.	षष्ठी	सम्बन्ध	का, के, की
7.	सप्तमी	अधिकरण	में, पर
8.	सम्बोधन	सम्बोधन	हे, अरे, भो

अपभ्रंश में चतुर्थी और षष्ठी विभक्ति के लिये एक ही प्रत्यय है।

क्रिया

अपभ्रंश भाषा में दो प्रकार की क्रियाएँ होती हैं- सकर्मक और अकर्मक।

काल

अपभ्रंश भाषा में चार प्रकार के काल वर्णित हैं -

1. वर्तमानकाल 2. भूतकाल
3. भविष्यत्काल 4. विधि एवं आज्ञा

अपभ्रंश भाषा में भूतकाल को व्यक्त करने के लिये भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग बहुलता से किया गया है।

शब्द

अपभ्रंश में चार प्रकार के शब्द पाए जाते हैं -

1. अकारान्त 2. आकारान्त
3. इकारान्त (इ, ई) 4. उकारान्त (उ, ऊ)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 1

सर्वनाम

हउं = मैं — उत्तम पुरुष एकवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

वर्तमानकाल

हउं	हसउं/हसमि/हसामि/हसेमि	= मैं हँसता हूँ / हँसती हूँ।
हउं	सयउं/सयमि/सयामि/सयेमि	= मैं सोता हूँ / सोती हूँ।
हउं	णच्चउं/णच्चमि/णच्चामि/णच्चेमि	= मैं नाचता हूँ / नाचती हूँ।
हउं	रूसउं/रूसमि/रूसामि/रूसेमि	= मैं रूसता हूँ / रूसती हूँ।
हउं	लुक्कउं/लुक्कमि/लुक्कामि/लुक्केमि	= मैं छिपता हूँ / छिपती हूँ।
हउं	जग्गउं/जग्गमि/जग्गामि/जग्गेमि	= मैं जागता हूँ / जागती हूँ।
हउं	जीवउं/जीवमि/जीवामि/जीवेमि	= मैं जीता हूँ / जीती हूँ।

---

1. **हउं** = मैं, उत्तम पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में **उं** और **मि** प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। '**मि**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का **आ** और **ए** भी हो जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं। अकर्मक क्रिया वह होती है जिसका कोई कर्म नहीं होता और जिसका प्रभाव कर्ता पर ही पड़ता है। 'मैं हँसता हूँ' इसमें हँसने का प्रभाव 'मैं' पर ही पड़ता है। इस वाक्य में हँसने की क्रिया का कोई कर्म नहीं है।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता '**हउं**' के अनुसार क्रियाओं के **पुरुष** और **वचन** हैं। यहाँ '**हउं**' उत्तम पुरुष एकवचन में है, तो क्रियाएँ भी उत्तम पुरुष एकवचन में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 2

सर्वनाम

तुहुं = तुम — **मध्यम पुरुष एकवचन**

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

वर्तमानकाल

तुहुं	हसहि/हससि/हससे/हसेसि	= तुम हँसते हो/हँसती हो।
तुहुं	सयहि/सयसि/सयसे/सयेसि	= तुम सोते हो/सोती हो।
तुहुं	णच्चहि/णच्चसि/णच्चसे/णच्चेसि	= तुम नाचते हो/नाचती हो।
तुहुं	रूसहि/रूससि/रूससे/रूसेसि	= तुम रूसते हो/रूसती हो।
तुहुं	लुक्कहि/लुक्कसि/लुक्कसे/लुक्केसि	= तुम छिपते हो/छिपती हो।
तुहुं	जग्गहि/जग्गसि/जग्गसे/जग्गेसि	= तुम जागते हो/जागती हो।
तुहुं	जीवहि/जीवसि/जीवसे/जीवेसि	= तुम जीते हो/जीती हो।

---

1. **तुहुं** = तुम, मध्यम पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'हि'**, **'सि'** और **'से'** प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। **'सि'** प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। यदि क्रिया के अन्त में 'अ' न हो, तो **'से'** प्रत्यय नहीं लगता है (देखें पाठ - 4)
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता **'तुहुं'** के अनुसार क्रियाओं के **पुरुष** और **वचन** हैं। यहाँ **'तुहुं'** मध्यम पुरुष एकवचन में है, तो क्रियाएँ भी मध्यम पुरुष एकवचन में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 3

सर्वनाम

सो = वह (पुरुष), **सा** = वह (स्त्री) — **अन्य पुरुष एकवचन**

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

वर्तमानकाल

सो	हसइ/हसेइ/हसए	= वह हँसता है।
सा	हसइ/हसेइ/हसए	= वह हँसती है।
सो	सयइ/सयेइ/सयए	= वह सोता है।
सा	सयइ/सयेइ/सयए	= वह सोती है।
सो	णच्चइ/णच्चेइ/णच्चए	= वह नाचता है।
सा	णच्चइ/णच्चेइ/णच्चए	= वह नाचती है।
सो	रूसइ/रूसेइ/रूसए	= वह रूसता है।
सा	रूसइ/रूसेइ/रूसए	= वह रूसती है।
सो	लुक्कइ/लुक्केइ/लुक्कए	= वह छिपता है।
सा	लुक्कइ/लुक्केइ/लुक्कए	= वह छिपती है।
सो	जग्गइ/जग्गेइ/जग्गए	= वह जागता है।
सा	जग्गइ/जग्गेइ/जग्गए	= वह जागती है।
सो	जीवइ/जीवेइ/जीवए	= वह जीता है।
सा	जीवइ/जीवेइ/जीवए	= वह जीती है।

---

1. **सो** = वह (पुरुष), **सा** = वह (स्त्री), अन्य पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)
2. (क) वर्तमान काल के अन्य पुरुष एकवचन में '**इ**' और '**ए**' प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। '**इ**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' भी हो जाता है।
   (ख) '**ए**' प्रत्यय अकारान्त क्रियाओं में ही लगता है। आकारान्त, ओकारान्त, उकारान्त क्रियाओं में 'ए' प्रत्यय नहीं लगेगा। **ठा** = ठहरना, **हो** = होना, **हु** = होना आदि क्रियाओं में '**ए**' प्रत्यय वर्तमान काल में नहीं लगेगा (देखें पाठ 4)।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 4

सर्वनाम-एकवचन

आकारान्त आदि क्रियाएँ

हउं = मैं, **तुहुं** = तुम, **सो** = वह (पुरुष), **सा** = वह (स्त्री)

अकर्मक क्रियाएँ

ठा = ठहरना, **ण्हा** = नहाना, **हो** = होना

वर्तमानकाल

हउं	ठाउं/ठामि	= मैं ठहरता हूँ / ठहरती हूँ।
हउं	ण्हाउं/ण्हामि	= मैं नहाता हूँ / नहाती हूँ।
हउं	होउं/होमि	= मैं होता हूँ / होती हूँ।
तुहुं	ठाहि/ठासि	= तुम ठहरते हो / ठहरती हो।
तुहुं	ण्हाहि/ण्हासि	= तुम नहाते हो / नहाती हो।
तुहुं	होहि/होसि	= तुम होते हो / होती हो।
सो	ठाइ	= वह ठहरता है।
सा	ठाइ	= वह ठहरती है।
सो	ण्हाइ	= वह नहाता है।
सा	ण्हाइ	= वह नहाती है।
सो	होइ	= वह होता है।
सा	होइ	= वह होती है।

---

1. हउं = मैं, — उत्तम पुरुष एकवचन
   तुहुं = तुम, — मध्यम पुरुष एकवचन
   सो = वह (पुरुष), सा = वह (स्त्री) — अन्य पुरुष एकवचन
   → पुरुष वाचक सर्वनाम एकवचन

2. अकारान्त क्रियाओं को छोड़कर आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के मध्यम पुरुष एकवचन में 'से' प्रत्यय नहीं लगता है तथा इसी प्रकार अन्य पुरुष एकवचन में 'ए' प्रत्यय नहीं लगता है। ये दोनों प्रत्यय (से और ए) केवल वर्तमानकाल की अकारान्त क्रियाओं में ही लगते हैं।

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 5

सर्वनाम

अम्हे } = हम दोनों/हम सब[1]
अम्हइं }

उत्तम पुरुष बहुवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **सय** = सोना, **णच्च** = नाचना
रूस = रूसना, **लुक्क** = छिपना, **जग्ग** = जागना
जीव = जीना,

वर्तमानकाल

अम्हे / अम्हइं	हसहुं/हसमो/हसमु/हसम	= हम दोनों हँसते हैं/हँसती हैं। हम सब हँसते हैं/हँसती हैं।
अम्हे / अम्हइं	सयहुं/सयमो/सयमु/सयम	= हम दोनों सोते हैं/सोती हैं। हम सब सोते हैं/सोती हैं।
अम्हे / अम्हइं	णच्चहुं/णच्चमो/णच्चमु/णच्चम	= हम दोनों नाचते हैं/नाचती हैं। हम सब नाचते हैं/नाचती हैं।
अम्हे / अम्हइं	रूसहुं/रूसमो/रूसमु/रूसम	= हम दोनों रूसते हैं/रूसती हैं। हम सब रूसते हैं/रूसती हैं।
अम्हे / अम्हइं	लुक्कहुं/लुक्कमो/लुक्कमु/लुक्कम	= हम दोनों छिपते हैं/छिपती हैं। हम सब छिपते हैं/छिपती हैं।
अम्हे / अम्हइं	जग्गहुं/जग्गमो/जग्गमु/जग्गम	= हम दोनों जागते हैं/जागती हैं। हम सब जागते हैं/जागती हैं।
अम्हे / अम्हइं	जीवहुं/जीवमो/जीवमु/जीवम	= हम दोनों जीते हैं/जीती हैं। हम सब जीते हैं/जीती हैं।

---

1. अम्हे } = हम दोनों/हम सब, उत्तम पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)
अम्हइं }

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2. वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में 'हुं', **मो, मु** और **म** प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। **'मो', 'मु'** और **'म'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'आ', 'इ'** और 'ए' भी हो जाता है। अत: **हसामो, हसामु, हसाम/हसिमो, हसिमु, हसिम/हसेमो, हसेमु, हसेम** रूप और बनेंगे। इसी प्रकार अन्य अकारान्त क्रियाओं के साथ भी समझ लेना चाहिये।

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। यहाँ कर्त्ता उत्तम पुरुष बहुवचन में है। अत: क्रिया भी उत्तम पुरुष बहुवचन की ही लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 6

सर्वनाम

मध्यम पुरुष बहुवचन

तुम्हे
तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना,		

वर्तमानकाल

तुम्हे / तुम्हइं	हसहु/हसह/हसित्था	= तुम दोनों हँसते हो/हँसती हो। तुम सब हँसते हो/हँसती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	सयहु/सयह/सयित्था	= तुम दोनों सोते हो/सोती हो। तुम सब सोते हो/सोती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	णच्चहु/णच्चह/णच्चित्था	= तुम दोनों नाचते हो/नाचती हो। तुम सब नाचते हो/नाचती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	रूसहु/रूसह/रूसित्था	= तुम दोनों रूसते हो/रूसती हो। तुम सब रूसते हो/रूसती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	लुक्कहु/लुक्कह/लुक्कित्था	= तुम दोनों छिपते हो/छिपती हो। तुम सब छिपते हो/छिपती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	जग्गहु/जग्गह/जग्गित्था	= तुम दोनों जागते हो/जागती हो। तुम सब जागते हो/जागती हो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुम्हे, तुम्हइं } जीवहु/जीवह/जीवित्था = तुम दोनों जीते हो/जीती हो, तुम सब जीते हो/जीती हो

---

1. तुम्हे, तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब, मध्यम पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)
2. वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'हु'**, **'ह'** और **'इत्था'** प्रत्यय क्रिया में लगते हैं।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। यहाँ कर्ता मध्यम पुरुष बहुवचन में है अतः क्रिया भी मध्यम पुरुष बहुवचन की लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 7
सर्वनाम

ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) **अन्य पुरुष बहुवचन**
ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना,		

वर्तमानकाल

ते	हसहिं/हसन्ति/हसन्ते/हसिरे	=	वे दोनों हँसते हैं। वे सब हँसते हैं।
ता	हसहिं/हसन्ति/हसन्ते/हसिरे	=	वे दोनों हँसती हैं। वे सब हँसती हैं।
ते	सयहिं/सयन्ति/सयन्ते/सयिरे	=	वे दोनों सोते हैं। वे सब सोते हैं।
ता	सयहिं/सयन्ति/सयन्ते/सयिरे	=	वे दोनों सोती हैं। वे सब सोती हैं।
ते	णच्चहिं/णच्चन्ति/णच्चन्ते/णच्चिरे	=	वे दोनों नाचते हैं। वे सब नाचते हैं।
ता	णच्चहिं/णच्चन्ति/णच्चन्ते/णच्चिरे	=	वे दोनों नाचती हैं। वे सब नाचती हैं।
ते	रूसहिं/रूसन्ति/रूसन्ते/रूसिरे	=	वे दोनों रूसते हैं। वे सब रूसते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ता	रूसहिं/रूसन्ति/रूसन्ते/रूसिरे	=	वे दोनों रूसती हैं। वे सब रूसती हैं।
ते	लुक्कहिं/लुक्कन्ति/लुक्कन्ते/लुक्किरे	=	वे दोनों छिपते हैं। वे सब छिपते हैं।
ता	लुक्कहिं/लुक्कन्ति/लुक्कन्ते/लुक्किरे	=	वे दोनों छिपती हैं। वे सब छिपती हैं।
ते	जग्गहिं/जग्गन्ति/जग्गन्ते/जग्गिरे	=	वे दोनों जागते हैं। वे सब जागते हैं।
ता	जग्गहिं/जग्गन्ति/जग्गन्ते/जग्गिरे	=	वे दोनों जागती हैं। वे सब जागती हैं।
ते	जीवहिं/जीवन्ति/जीवन्ते/जीविरे	=	वे दोनों जीते हैं। वे सब जीते हैं।
ता	जीवहिं/जीवन्ति/जीवन्ते/जीविरे	=	वे दोनों जीती हैं। वे सब जीती हैं।

---

1. **ते** = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष)
ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ) } =अन्य पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)
2. वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'हिं'**, **'न्ति'**, **'न्ते'** और **'इरे'** प्रत्यय क्रिया में लगते हैं।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। यहाँ कर्ता अन्य पुरुष बहुवचन में है। अत: क्रिया भी अन्य पुरुष बहुवचन की लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 8

सर्वनाम-बहुवचन

आकारान्त आदि क्रियाएँ

अम्हे / अम्हइं = हम दोनों / हम सब

तुम्हे / तुम्हइं = तुम दोनों / तुम सब

ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष)

ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)

अकर्मक क्रियाएँ

ठा = ठहरना, **ण्हा** = नहाना, **हो** = होना

वर्तमानकाल

अम्हे / अम्हइं	ठाहुं/ठामो/ठामु/ठाम	=	हम दोनों ठहरते हैं/ठहरती हैं। हम सब ठहरते हैं/ठहरती हैं।
अम्हे / अम्हइं	ण्हाहुं/ण्हामो/ण्हामु/ण्हाम	=	हम दोनों नहाते हैं/नहाती हैं। हम सब नहाते हैं/नहाती हैं।
अम्हे / अम्हइं	होहुं/होमो/होमु/होम	=	हम दोनों होते हैं/होती हैं। हम सब होते हैं/होती हैं।
तुम्हे / तुम्हइं	ठाहु/ठाह/ठाइत्था	=	तुम दोनों ठरहते हो/ठहरती हो। तुम सब ठहरते हो/ठहरती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	ण्हाहु/ण्हाह/ण्हाइत्था	=	तुम दोनों नहाते हो/नहाती हो। तुम सब नहाते हो/नहाती हो।
तुम्हे / तुम्हइं	होहु/होह/होइत्था	=	तुम दोनों होते हो/होती हो। तुम सब होते हो/होती हो।
ते	**ठाहिं**/ठान्ति→ठन्ति/ठान्ते→ठन्ते/ठाइरे	=	वे दोनों ठहरते हैं। वे सब ठहरते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ता	ठाहिं/ठान्ति→ठन्ति/ठान्ते→ठन्ते/ठाइरे	=	वे दोनों ठहरती हैं। वे सब ठहरती हैं।
ते	ण्हाहिं/ण्हान्ति→ण्हन्ति/ण्हान्ते→ण्हन्ते/ण्हाइरे	=	वे दोनों नहाते हैं। वे सब नहाते हैं।
ता	ण्हाहिं/ण्हान्ति→ण्हन्ति/ण्हान्ते→ण्हन्ते/ण्हाइरे	=	वे दोनों नहाती हैं। वे सब नहाती हैं।
ते	होहिं/होन्ति/होन्ते/होइरे	=	वे दोनों होते हैं। वे सब होते हैं।
ता	होहिं/होन्ति/होन्ते/होइरे	=	वे दोनों होती हैं। वे सब होती हैं।

---

1. अम्हे, अम्हइं } = हम दोनों/हम सब, उत्तम पुरुष बहुवचन,
   तुम्हे, तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब, मध्यम पुरुष बहुवचन,
   } पुरुषवाचक सर्वनाम बहुवचन

   ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष)
   ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)
   } अन्य पुरुष बहुवचन

2. **वर्तमानकाल के प्रत्यय (पाठ 1 से 8 तक)**

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष	उं, मि	हुं, मो, मु, म
मध्यम पुरुष	हि, सि, से	हु, ह, इत्था
अन्य पुरुष	इ, ए	हिं, न्ति, न्ते, इरे

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं।
5. संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है - ठान्ति→ठन्ति, ण्हान्ति→ण्हन्ति आदि। अपभ्रंश में 'आ', 'ई' और 'ऊ' दीर्घस्वर होते हैं तथा 'अ', 'इ', 'उ', 'ए' और 'ओ' ह्रस्व स्वर माने जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 9

सर्वनाम

हउं = मैं **उत्तम पुरुष एकवचन**

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

विधि एवं आज्ञा

हउं	हसमु/हसेमु	= मैं हँसूँ।
हउं	सयमु/सयेमु	= मैं सोवूँ।
हउं	णच्चमु/णच्चेमु	= मैं नाचूँ।
हउं	रूसमु/रूसेमु	= मैं रूसूँ।
हउं	लुक्कमु/लुक्केमु	= मैं छिपूँ।
हउं	जग्गमु/जग्गेमु	= मैं जागूँ।
हउं	जीवमु/जीवेमु	= मैं जीवूँ।

---

1. **हउं** = मैं, उत्तम पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष एकवचन में '**मु**' प्रत्यय क्रिया में लगता है। '**मु**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' भी हो जाता है।
3. जब किसी कार्य के लिए प्रार्थना की जाती है तथा आज्ञा एवं उपदेश दिया जाता है तो इन भावों को प्रकट करने के लिए विधि एवं आज्ञा के प्रत्यय क्रिया में लगा दिये जाते हैं।
4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं। अकर्मक क्रिया वह होती है जिसका कोई कर्म नहीं होता है और जिसका प्रभाव कर्ता पर ही पड़ता है। 'मैं हँसूँ' में 'हँसूँ' का पूरा सम्बन्ध 'मैं' से ही है, इसमें 'हँसूँ' का कोई कर्म नहीं है।
5. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता 'हउं' के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं। यहाँ '**हउं**' उत्तम पुरुष एकवचन में है, तो क्रियाएँ भी उत्तम पुरुष एकवचन में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 10

सर्वनाम

तुहुं = तुम — **मध्यम पुरुष एकवचन**

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

विधि एवं आज्ञा

तुहुं	हसि/हसे/हसु/हस हसहि/हसेहि/हससु/हसेसु	= तुम हँसो।
तुहुं	सयि/सये/सयु/सय सयहि/सयेहि/सयसु/सयेसु	= तुम सोवो।
तुहुं	णच्चि/णच्चे/णच्चु/णच्च णच्चहि/णच्चेहि/णच्चसु/णच्चेसु	= तुम नाचो।
तुहुं	रूसि/रूसे/रूसु/रूस रूसहि/रूसेहि/रूससु/रूसेसु	= तुम रूसो।
तुहुं	लुक्कि/लुक्के/लुक्कु/लुक्क लुक्कहि/लुक्केहि/लुक्कसु/लुक्केसु	= तुम छिपो।
तुहुं	जग्गि/जग्गे/जग्गु/जग्ग जग्गहि/जग्गेहि/जग्गसु/जग्गेसु	= तुम जागो।
तुहुं	जीवि/जीवे/जीवु/जीव जीवहि/जीवेहि/जीवसु/जीवेसु	= तुम जीवो।

---

1. **तुहुं** = तुम, मध्यम पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष एकवचन में **'इ'**, **'ए'**, **'उ'**, **'0'**, **'हि'** और **'सु'**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। 'हि' और 'सु' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है।

3 शून्य प्रत्यय अकारान्त क्रियाओं में ही लगता है। आकारान्त, ओकारान्त, इकारान्त आदि क्रियाओं में शून्य प्रत्यय विधि एवं आज्ञा में नहीं लगेगा। **ठा** = ठहरना, **हो** = होना, **हु** = होना आदि क्रियाओं में शून्य प्रत्यय नहीं होता है।

4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

5. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता **'तुहुं'** के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं। यहाँ **'तुहुं'** मध्यम पुरुष एकवचन में है तो क्रियाएँ भी मध्यम पुरुष एकवचन में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 11

सर्वनाम

सो = वह (पुरुष)

सा = वह (स्त्री)

अन्य पुरुष एकवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

विधि एवं आज्ञा

सो	हसउ/हसेउ	= वह हँसे।
सा	हसउ/हसेउ	= वह हँसे।
सो	सयउ/सयेउ	= वह सोए।
सा	सयउ/सयेउ	= वह सोए।
सो	णच्चउ/णच्चेउ	= वह नाचे।
सा	णच्चउ/णच्चेउ	= वह नाचे।
सो	रूसउ/रूसेउ	= वह रूसे।
सा	रूसउ/रूसेउ	= वह रूसे।
सो	लुक्कउ/लुक्केउ	= वह छिपे।
सा	लुक्कउ/लुक्केउ	= वह छिपे।
सो	जग्गउ/जग्गेउ	= वह जागे।
सा	जग्गउ/जग्गेउ	= वह जागे।
सो	जीवउ/जीवेउ	= वह जीवे।
सा	जीवउ/जीवेउ	= वह जीवे।

1. **सो** = वह (पुरुष), **सा** = वह (स्त्री), अन्य पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष एकवचन में '**उ**' प्रत्यय क्रिया में लगता है। '**उ**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' भी हो जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 12

सर्वनाम-एकवचन

आकारान्त आदि क्रियाएँ

हउं = मैं

तुहुं = तुम

सो = वह (पुरुष)

सा = वह (स्त्री)

अकर्मक क्रियाएँ

ठा = ठहरना, **ण्हा** = नहाना, **हो** = होना

विधि एवं आज्ञा

हउं	ठामु	= मैं ठहरूँ।
हउं	ण्हामु	= मैं नहाऊँ।
हउं	होमु	= मैं होऊँ।
तुहुं	ठाइ/ठाए/ठाउ/ठाहि/ठासु	= तुम ठहरो।
तुहुं	ण्हाइ/ण्हाए/ण्हाउ/ण्हाहि/ण्हासु	= तुम नहावो।
तुहुं	होइ/होए/होउ/होहि/होसु	= तुम होवो।
सो	ठाउ	= वह ठहरे।
सा	ठाउ	= वह ठहरे।
सो	ण्हाउ	= वह नहावे।
सा	ण्हाउ	= वह नहावे।
सो	होउ	= वह होवे।
सा	होउ	= वह होवे।

1. हउं = मैं, उत्तम पुरुष एकवचन
   तुहुं = तुम, मध्यम पुरुष एकवचन
   सो = वह (पुरुष) अन्य पुरुष एकवचन
   सा = वह (स्त्री) अन्य पुरुष एकवचन
   } पुरुषवाचक सर्वनाम एकवचन
2. अकारान्त क्रियाओं को छोड़कर आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के मध्यम पुरुष एकवचन में '0' प्रत्यय नहीं लगता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 13

सर्वनाम

अम्हे
अम्हइं } = हम दोनों/हम सब[1] — उत्तम पुरुष बहुवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **सय** = सोना, **णच्च** = नाचना

रूस = रूसना, **लुक्क** = छिपना, **जग्ग** = जागना

जीव = जीना

विधि एवं आज्ञा

अम्हे अम्हइं	हसमो/हसामो/हसेमो	=	हम दोनों हँसें। हम सब हँसें।
अम्हे अम्हइं	सयमो/सयामो/सयेमो	=	हम दोनों सोवें। हम सब सोवें।
अम्हे अम्हइं	णच्चमो/णच्चामो/णच्चेमो	=	हम दोनों नाचें। हम सब नाचें।
अम्हे अम्हइं	रूसमो/रूसामो/रूसेमो	=	हम दोनों रूसें। हम सब रूसें।
अम्हे अम्हइं	लुक्कमो/लुक्कामो/लुक्केमो	=	हम दोनों छिपें। हम सब छिपें।
अम्हे अम्हइं	जग्गमो/जग्गामो/जग्गेमो	=	हम दोनों जागें। हम सब जागें।
अम्हे अम्हइं	जीवमो/जीवामो/जीवेमो	=	हम दोनों जीवें। हम सब जीवें।

---

1. अम्हे
अम्हइं } = हम दोनों/हम सब, उत्तम पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2 विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'मो'** प्रत्यय क्रिया में लगता है। **'मो'** प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'आ'** और **'ए'** भी हो जाता है।

3 उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4 उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्त्ता **अम्हे/अम्हइं** के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं। यहाँ **अम्हे/अम्हइं** उत्तम पुरुष बहुवचन में है, तो क्रियाएँ भी उत्तम पुरुष बहुवचन में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 14

सर्वनाम

मध्यम पुरुष बहुवचन

तुम्हे / तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

विधि एवं आज्ञा

तुम्हे / **तुम्हइं** }	हसह/हसेह	= तुम दोनों हँसो। / तुम सब हँसो।
तुम्हे / **तुम्हइं** }	सयह/सयेह	= तुम दोनों सोवो। / तुम सब सोवो।
तुम्हे / **तुम्हइं** }	णच्चह/णच्चेह	= तुम दोनों नाचो। / तुम सब नाचो।
तुम्हे / **तुम्हइं** }	रूसह/रूसेह	= तुम दोनों रूसो। / तुम सब रूसो।
तुम्हे / **तुम्हइं** }	लुक्कह/लुक्केह	= तुम दोनों छिपो। / तुम सब छिपो।
तुम्हे / **तुम्हइं** }	जग्गह/जग्गेह	= तुम दोनों जागो। / तुम सब जागो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुम्हे तुम्हइं	जीवह/जीवेह	=	तुम दोनों जीवो। तुम सब जीवो।

---

1. **तुम्हे / तुम्हइं** = तुम दोनों/तुम सब, मध्यम पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष बहुवचन में '**ह**' प्रत्यय क्रिया में लगता है। '**ह**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' भी हो जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता **तुम्हे/तुम्हइं** के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं। यहाँ कर्ता **तुम्हे/तुम्हइं** मध्यम पुरुष बहुवचन में है तो क्रियाएँ भी मध्यम पुरुष बहुवचन में लगी हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 15

सर्वनाम

ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) **अन्य पुरुष बहुवचन**

ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

विधि एवं आज्ञा

ते	हसन्तु/हसेन्तु	=	वे दोनों हँसें। वे सब हँसें।
ता	हसन्तु/हसेन्तु	=	वे दोनों हँसें। वे सब हँसें।
ते	सयन्तु/सयेन्तु	=	वे दोनों सोवें। वे सब सोवें।
ता	सयन्तु/सयेन्तु	=	वे दोनों सोवें। वे सब सोवें।
ते	णच्चन्तु/णच्चेन्तु	=	वे दोनों नाचें। वे सब नाचें।
ता	णच्चन्तु/णच्चेन्तु	=	वे दोनों नाचें। वे सब नाचें।
ते	रूसन्तु/रूसेन्तु	=	वे दोनों रूसें। वे सब रूसें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ता	रूसन्तु/रूसेन्तु	=	वे दोनों रूसें। वे सब रूसें।
ते	लुक्कन्तु/लुक्केन्तु	=	वे दोनों छिपें। वे सब छिपें।
ता	लुक्कन्तु/लुक्केन्तु	=	वे दोनों छिपें। वे सब छिपें।
ते	जग्गन्तु/जग्गेन्तु	=	वे दोनों जागें। वे सब जागें।
ता	जग्गन्तु/जग्गेन्तु	=	वे दोनों जागें। वे सब जागें।
ते	जीवन्तु/जीवेन्तु	=	वे दोनों जीवें। वे सब जीवें।
ता	जीवन्तु/जीवेन्तु	=	वे दोनों जीवें। वे सब जीवें।

---

1. **ते** = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) } अन्य पुरुष बहुवचन
   ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ) } (पुरुषवाचक सर्वनाम)
2. विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष बहुवचन में '**न्तु**' प्रत्यय क्रिया में लगता है। '**न्तु**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' भी हो जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 16

सर्वनाम-बहुवचन

आकारान्त आदि क्रियाएँ

अम्हे, अम्हइं = हम दोनों/हम सब

तुम्हे, तुम्हइं = तुम दोनों/तुम सब

ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष)

ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)

अकर्मक क्रियाएँ

ठा = ठहरना, ण्हा = नहाना, हो = होना

विधि एवं आज्ञा

अम्हे, अम्हइं	ठामो	=	हम दोनों ठहरें। हम सब ठहरें।
अम्हे, अम्हइं	ण्हामो	=	हम दोनों नहावें। हम सब नहावें।
अम्हे, अम्हइं	होमो	=	हम दोनों होवें। हम सब होवें।
तुम्हे, तुम्हइं	ठाह	=	तुम दोनों ठहरो। तुम सब ठहरो।
तुम्हे, तुम्हइं	ण्हाह	=	तुम दोनों नहावो। तुम सब नहावो।
तुम्हे, तुम्हइं	होह	=	तुम दोनों होवो। तुम सब होवो।
ते	ठान्तु→ठन्तु	=	वे दोनों ठहरें। वे सब ठहरें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ता	ठान्त→ठन्तु	=	वे दानों ठहरें। वे सब ठहरें।
ते	ण्हान्तु→ण्हन्तु	=	वे दोनों नहावें। वे सब नहावें।
ता	ण्हान्तु→ण्हन्तु	=	वे दोनों नहावें। वे सब नहावें।
ते	होन्तु	=	वे दोनों होवें। वे सब होवें।
ता	होन्तु	=	वे दोनों होवें। वे सब होवें।

---

1. **अम्हे**, **अम्हइं** = हम दोनों/हम सब, उत्तम पुरुष बहुवचन, } पुरुषवाचक सर्वनाम बहुवचन

   तुम्हे, **तुम्हइं** = तुम दोनों/तुम सब, मध्यम पुरुष बहुवचन, } पुरुषवाचक सर्वनाम बहुवचन

   ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) } अन्य पुरुष बहुवचन

   ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ) } अन्य पुरुष बहुवचन

2. **विधि एवं आज्ञा के प्रत्यय (पाठ 9 से 16 तक)**

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष	मु	मो
मध्यम पुरुष	इ, ए, उ, 0 हि, सु	ह
अन्य पुरुष	उ	न्तु

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं।
5. संयुक्ताक्षर से पहले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है।
   जैसे - ठान्ति→ठन्ति, ण्हान्ति→ण्हन्ति आदि। अपभ्रंश में '**आ**', '**ई**' और '**ऊ**' दीर्घ स्वर होते हैं तथा '**अ**', '**इ**', '**उ**', '**ए**' और '**ओ**' ह्रस्व स्वर माने जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 17

अकर्मक क्रियाएँ

अभ्यास

1. निम्नलिखित अकर्मक क्रियाओं को कर्तृवाच्य में प्रयोग कीजिये। यह प्रयोग वर्तमानकाल तथा विधि एवं आज्ञा में हो। कर्ता के रूप में पुरुषवाचक सर्वनामों को रखें -

लज्ज	= शरमाना,	**भिड**	= भिड़ना
रुव	= रोना,	**उच्छल**	= उछलना
डर	= डरना,	**उज्जम**	= प्रयास करना
कलह	= कलह करना,	**उल्लस**	= खुश होना
थक्क	= थकना,	**कंप**	= काँपना
अच्छ	= बैठना,	**मर**	= मरना
पड	= गिरना,	**खेल**	= खेलना
उट्ठ	= उठना,	**कुल्ल**	= कूदना
तडफड	= छटपटाना,	**जुज्झ**	= लड़ना
घुम	= घूमना,	**मुच्छ**	= मूर्च्छित होना

2. निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिये -

(1) हम छिपते हैं। (2) हम छिपें। (3) वह डरता है। (4) वह डरे। (5) तुम उठते हो। (6) वे सब उठें। (7) मैं खेलता हूँ। (8) तुम सब खेलो। (9) वह खुश होती है। (10) वे खुश हों। (11) वह बैठता है। (12) वह बैठे। (13) तुम बैठो। (14) वे रोते हैं। (15) हम उछलते हैं। (16) मैं भिड़ता हूँ। (17) तुम छटपटाते हो। (18) तुम कूदो।(19) हम प्रयास करें। (20) तुम घूमो। (21) हम काँपते हैं। (22) तुम काँपो। (23) वह लड़े। (24) वे लड़ें। (25) तुम नहाते हो। (26) तुम नहावो। (27) वे ठहरें। (28) तुम थको। (29) तुम सब मूर्च्छित होते हो। (30) हम ठहरते हैं। (31) वे सब खेलती हैं। (32) मैं खेलती हूँ। (33) तुम उठती हो। (34) वह काँपती है। (35) हम बैठती हैं।

3. निम्नलिखित वर्तमानकालिक वाक्यों को शुद्ध कीजिये (क्रिया का शुद्ध रूप लगाइये)-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) हउं रूसहिं। (2) तुहुं हसउं। (3) सो ठामि।
(4) अम्हे हसह। (5) तुम्हे हसहिं। (6) ते ठामो।
(7) ता ठाइ। (8) तुम्हइं थक्कहि। (9) ते मरइ।
(10) हउं लज्जमो। (11) तुहुं पडित्था। (12) सो खेलन्ति।
(13) अम्हइं उट्ठसे। (14) सा घुमन्ति। (15) तुहुं ठाइ।

4. निम्नलिखित वर्तमानकालिक वाक्यों को शुद्ध कीजिये (पुरुषवाचक सर्वनाम का शुद्ध रूप लिखें) -

(1) हउं लज्जहुं। (2) अम्हे रुवउं। (3) तुम्हे रूवमि।
(4) सो डरहु। (5) ता पडमो। (6) तुम्हइं उट्ठइ।
(7) अम्हइं उच्छलहि। (8) हउं कंपित्था। (9) तुहुं मरन्ते।
(10) तुम्हे मरइ। (11) तुम्हे ठासि। (12) हउं कुल्लहिं।
(13) तुम्हे ण्हामु। (14) अम्हे होहु। (15) तुहुं मुच्छेइ।

5. निम्नलिखित विधि एवं आज्ञावाचक वाक्यों को शुद्ध कीजिये (क्रिया का शुद्ध रूप लगाइये) -

(1) हउं पडउ। (2) तुहुं रुवमो। (3) सो थक्कि।
(4) अम्हे हसह। (5) तुम्हइं डरन्तु। (6) अम्हइं कंपह।
(7) सा घुमि। (8) ता खेलमो। (9) ते मरहि।
(10) हउं उल्लस। (11) तुहुं कुल्लेइ। (12) तुम्हे मुच्छसु।
(13) ते भिडउ। (14) अम्हइं जुज्झेन्तु। (15) तुम्हइं ठामो।

6. निम्नलिखित विधि एवं आज्ञावाचक वाक्यों को शुद्ध कीजिये (पुरुषवाचक सर्वनाम का शुद्ध रूप लिखें) -

(1) हउं लज्जमो। (2) तुहुं रूवउ। (3) अम्हे हसेह।
(4) तुम्हे डरामो। (5) तुम्हइं लुक्केमो। (6) ते अच्छउ।
(7) सो उट्ठह। (8) ता होह। (9) अम्हइं ठन्तु।
(10) तुम्हे हस। (11) अम्हे पडसु। (12) सो होउ।
(13) ते होमो। (14) हउं लुक्कि। (15) हउं तडफड।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 18

सर्वनाम

हउं = मैं — **उत्तम पुरुष एकवचन**

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **सय** = सोना, **णच्च** = नाचना
रूस = रूसना, **लुक्क** = छिपना, **जग्ग** = जागना
जीव = जीना

भविष्यत्काल

हउं	हसेसउं/हसेसमि/हसिहिउं/हसिहिमि	= मैं हँसूँगा/मैं हँसूँगी।
हउं	सयेसउं/सयेसमि/सयिहिउं/सयिहिमि	= मैं सोवूँगा/मैं सोवूँगी।
हउं	णच्चेसउं/णच्चेसमि/णच्चिहिउं/णच्चिहिमि	= मैं नाचूँगा/मैं नाचूँगी।
हउं	रूसेसउं/रूसेसमि/रूसिहिउं/रूसिहिमि	= मैं रूसूँगा/मैं रूसूँगी।
हउं	लुक्केसउं/लुक्केसमि/लुक्किहिउं/लुक्किहिमि	= मैं छिपूँगा/मैं छिपूँगी।
हउं	जग्गेसउं/जग्गेसमि/जग्गिहिउं/जग्गिहिमि	= मैं जागूँगा/मैं जागूँगी।
हउं	जीवेसउं/जीवेसमि/जीविहिउं/जीविहिमि	= मैं जीवूँगा/मैं जीवूँगी।

---

1. **हउं** = मैं, उत्तम पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में '**स**' और '**हि**' प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन के प्रत्यय '**उं**' और '**मि**' जोड़ दिये जाते हैं। '**स**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' हो जाता है और '**हि**' प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' हो जाता है। भविष्यत्काल बनाने के लिये वर्तमानकालिक प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त प्रकार से किया जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता '**हउं**' के अनुसार क्रियाओं के **पुरुष** और **वचन** हैं। यहाँ '**हउं**' उत्तम पुरुष एकवचन में है, तो क्रियाएँ भी उत्तम पुरुष एकवचन में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 19

सर्वनाम

तुहुं = तुम **मध्यम पुरुष एकवचन**

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

भविष्यत्काल

तुहुं	हसेसहि/हसेससि/हसिहिहि/हसिहिसि	= तुम हँसोगे।
तुहुं	सयेसहि/सयेससि/सयिहिहि/सयिहिसि	= तुम सोवोगे।
तुहुं	णच्चेसहि/णच्चेससि/णच्चिहिहि/णच्चिहिसि	= तुम नाचोगे।
तुहुं	रूसेसहि/रूसेससि/रूसिहिहि/रूसिहिसि	= तुम रूसोगे।
तुहुं	लुक्केसहि/लुक्केससि/लुक्किहिहि/लुक्किहिसि	= तुम छिपोगे।
तुहुं	जग्गेसहि/जग्गेससि/जग्गिहिहि/जग्गिहिसि	= तुम जागोगे।
तुहुं	जीवेसहि/जीवेससि/जीविहिहि/जीविहिसि	= तुम जीवोगे।

---

1. तुहुं = तुम, मध्यम पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
2. भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'स'** और **'हि'** प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन के प्रत्यय **'हि'** और **'सि'** जोड़ दिये जाते हैं। **'से'** प्रत्यय जोड़कर भी रूप बना लेने चाहिये (हसेससे, हसिहिसे)। **'स'** प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है और **'हि'** प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। भविष्यत्काल बनाने के लिये वर्तमानकालिक प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त प्रकार से किया जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 20

सर्वनाम

सो = वह (पुरुष),

सा = वह (स्त्री),

अन्य पुरुष एकवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

भविष्यत्काल

सो	हसेसइ/हसेसए/हसिहिइ/हसिहिए	= वह हँसेगा।
सा	हसेसइ/हसेसए/हसिहिइ/हसिहिए	= वह हँसेगी।
सो	सयेसइ/सयेसए/सयिहिइ/सयिहिए	= वह सोवेगा।
सा	सयेसइ/सयेसए/सयिहिइ/सयिहिए	= वह सोवेगी।
सो	णच्चेसइ/णच्चेसए/णच्चिहिइ/णच्चिहिए	= वह नाचेगा।
सा	णच्चेसइ/णच्चेसए/णच्चिहिइ/णच्चिहिए	= वह नाचेगी।
सो	रूसेसइ/रूसेसए/रूसिहिइ/रूसिहिए	= वह रूसेगा।
सा	रूसेसइ/रूसेसए/रूसिहिइ/रूसिहिए	= वह रूसेगी।
सो	लुक्केसइ/लुक्केसए/लुक्किहिइ/लुक्किहिए	= वह छिपेगा।
सा	लुक्केसइ/लुक्केसए/लुक्किहिइ/लुक्किहिए	= वह छिपेगी।
सो	जग्गेसइ/जग्गेसए/जग्गिहिइ/जग्गिहिए	= वह जागेगा।
सा	जग्गेसइ/जग्गेसए/जग्गिहिइ/जग्गिहिए	= वह जागेगी।
सो	जीवेसइ/जीवेसए/जीविहिइ/जीविहिए	= वह जीवेगा।
सा	जीवेसइ/जीवेसए/जीविहिइ/जीविहिए	= वह जीवेगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

1. सो = वह (पुरुष), सा = वह (स्त्री), अन्य पुरुष एकवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।

2. भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में 'स' और 'हि' प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन के 'इ' और 'ए' प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। 'स' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'ए' हो जाता है और 'हि' प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'इ' हो जाता है। भविष्यत्काल बनाने के लिये वर्तमानकालिक प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त प्रकार से किया जाता है।

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 21

सर्वनाम-एकवचन

आकारान्त आदि क्रियाएँ

हउं = मैं, **सो** = वह (पुरुष),

तुहुं = तुम **सा** = वह (स्त्री),

अकर्मक क्रियाएँ

ठा = ठहरना, **ण्हा** = नहाना, **हो** = होना

भविष्यत्काल

हउं	ठासउं/ठासमि/ठाहिउं/ठाहिमि	= मैं ठहरूँगा/मैं ठहरूँगी।
हउं	ण्हासउं/ण्हासमि/ण्हाहिउं/ण्हाहिमि	= मैं नहाऊँगा/मैं नहाऊँगी।
हउं	होसउं/होसमि/होहिउं/होहिमि	= मैं होवूँगा/मैं होवूँगी।
तुहुं	ठासहि/ठाससि/ठाहिहि/ठाहिसि	= तुम ठहरोगे/तुम ठहरोगी।
तुहुं	ण्हासहि/ण्हाससि/ण्हाहिहि/ण्हाहिसि	= तुम नहावोगे/तुम नहावोगी।
तुहुं	होसहि/होससि/होहिहि/होहिसि	= तुम होवोगे/तुम होवोगी।
सो	ठासइ/ठाहिइ	= वह ठहरेगा।
सा	ठासइ/ठाहिइ	= वह ठहरेगी।
सो	ण्हासइ/ण्हाहिइ	= वह नहावेगा।
सा	ण्हासइ/ण्हाहिइ	= वह नहावेगी।
सो	होसइ/होहिइ	= वह होगा।
सा	होसइ/होहिइ	= वह होगी।

---

1. हउं = मैं, उत्तम पुरुष एकवचन
   तुहुं = तुम, मध्यमपुरुष एकवचन
   सो = वह (पुरुष) } अन्य पुरुष एकवचन
   सा = वह (स्त्री) }
   } पुरुष वाचक सर्वनाम एकवचन
2. भविष्यत्काल के तीनों पुरुषों के एकवचन में **'स'** और **'हि'** प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के प्रत्यय उपर्युक्त प्रकार से जोड़ दिये जाते हैं।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 22

सर्वनाम

अम्हे
अम्हइं } = हम दोनों/हम सब

उत्तम पुरुष बहुवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **सय** = सोना, **णच्च** = नाचना
रूस = रूसना, **लुक्क** = छिपना, **जग्ग** = जागना
जीव = जीना

भविष्यत्काल

अम्हे **अम्हइं**	हसेसहुं/हसेसमो/हसेसमु/हसेसम/ हसिहिहुं/हसिहिमो/हसिहिमु/हसिहिम	=	हम दोनों हँसेंगे/हँसेंगी। हम सब हँसेंगे/हँसेंगी।
अम्हे **अम्हइं**	सयेसहुं/सयेसमो/सयेसमु/सयेसम/ सयिहिहुं/सयिहिमो/सयिहिमु/सयिहिम	=	हम दोनों सोयेंगे/सोयेंगी। हम सब सोयेंगे/सोयेंगी।
अम्हे **अम्हइं**	णच्चेसहुं/णच्चेसमो/णच्चेसमु/ णच्चेसम /	=	हम दोनों नाचेंगे/नाचेंगी।
	णच्चिहिहुं/णच्चिहिमो/णच्चिहिमु/ णच्चिहिम/	=	हम सब नाचेंगे/नाचेंगी।
अम्हे **अम्हइं**	रूसेसहुं/रूसेसमो/रूसेसमु/रूसेसम रूसिहिहुं/रूसिहिमो/रूसिहिमु/रूसिहिम	=	हम दोनों रूसेंगे/रूसेंगी। हम सब रूसेंगे/रूसेंगी।
अम्हे **अम्हइं**	लुक्केसहुं/लुक्केसमो/लुक्केसमु/ लुक्केसम/	=	हम दोनों छिपेंगे/छिपेंगी।
	लुक्किहिहुं/लुक्किहिमो/लुक्किहिमु/ लुक्किहिम	=	हम सब छिपेंगे/छिपेंगी।
अम्हे **अम्हइं**	जग्गेसहुं/जग्गेसमो/जग्गेसमु/जग्गेसम जग्गिहिहुं/जग्गिहिमो/जग्गिहिमु/जग्गिहिम	=	हम दोनों जागेंगे/जागेंगी। हम सब जागेंगे/जागेंगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अम्हे } जीवेसहुं/जीवेसमो/जीवेसमु/जीवेसम = हम दोनों जीवेंगे/जीवेंगी।
अम्हइं } जीविहिहुं/जीविहिमो/जीविहिमु/जीविहिम = हम सब जीवेंगे/जीवेंगी।

1. **अम्हे** } = हम दोनों/हम सब, उत्तम पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।
   अम्हइं }

2. भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष बहुवचन में 'स' और '**हि**' प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन के '**हुं**', '**मो**', '**मु**' और '**म**' प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। '**स**' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का 'ए' हो जाता है और '**हि**' प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' हो जाता है। भविष्यत्काल बनाने के लिये वर्तमानकालिक प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त प्रकार से किया जाता है।

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। यहाँ कर्त्ता **अम्हे/अम्हइं** उत्तम पुरुष बहुवचन में है, तो क्रिया भी उत्तम पुरुष बहुवचन की लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 23

सर्वनाम

तुम्हे
तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब

मध्यम पुरुष बहुवचन

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **सय** = सोना, **णच्च** = नाचना
रूस = रूसना, **लुक्क** = छिपना, **जग्ग** = जागना
जीव = जीना

भविष्यत्काल

तुम्हे	हसेसहु/हसेसह/हसेसइत्था/	=	तुम दोनों हँसोगे/हँसोगी।
तुम्हइं	हसिहिहु/हसिहिह/हसिहित्था		तुम सब हँसोगे/हँसोगी।
तुम्हे	सयेसहु/सयेसह/सयेसइत्था/	=	तुम दोनों सोवोगे/सोवोगी।
तुम्हइं	सयिहिहु/सयिहिह/सयिहित्था		तुम सब सोवोगे/सोवोगी।
तुम्हे	णच्चेसहु/णच्चेसह/णच्चेसइत्था/	=	तुम दोनों नाचोगे/नाचोगी।
तुम्हइं	णच्चिहिहु/णच्चिहिह/णच्चिहित्था		तुम सब नाचोगे/नाचोगी।
तुम्हे	रूसेसहु/रूसेसह/रूसेसइत्था/	=	तुम दोनों रूसोगे/रूसोगी।
तुम्हइं	रूसिहिहु/रूसिहिह/रूसिहित्था		तुम सब रूसोगे/रूसोगी।
तुम्हे	लुक्केसहु/लुक्केसह/लुक्केसइत्था/	=	तुम दोनों छिपोगे/छिपोगी।
तुम्हइं	लुक्किहिहु/लुक्किहिह/लुक्किहित्था		तुम सब छिपोगे/छिपोगी।
तुम्हे	जग्गेसहु/जग्गेसह/जग्गेसइत्था/	=	तुम दोनों जागोगे/जागोगी।
तुम्हइं	जग्गिहिहु/जग्गिहिह/जग्गिहित्था		तुम सब जागोगे/जागोगी।
तुम्हे	जीवेसहु/जीवेसह/जीवेसइत्था/	=	तुम दोनों जीवोगे/जीवोगी।
तुम्हइं	जीविहिहु/जीविहिह/जीविहित्था		तुम सब जीवोगे/जीवोगी।

---

1. **तुम्हे**
तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब, मध्यम पुरुष बहुवचन (पुरुषवाचक सर्वनाम)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2. भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में 'स' और 'हि' प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन के 'हु', 'ह' और 'इत्था' प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। 'स' प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'ए' हो जाता है और 'हि' प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'इ' हो जाता है। इत्था प्रत्यय के योग में **स+इत्था = सइत्था, हि+इत्था = हित्था** रूप बनते हैं। भविष्यत्काल बनाने के लिये वर्तमानकालिक प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त प्रकार से किया जाता है।

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। यहाँ कर्त्ता **तुम्हे/तुम्हइं** मध्यम पुरुष बहुवचन में हैं, तो क्रिया भी मध्यम पुरुष बहुवचन की लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 24

सर्वनाम

ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) **अन्य पुरुष बहुवचन**

ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना,	**सय** = सोना,	**णच्च** = नाचना
रूस = रूसना,	**लुक्क** = छिपना,	**जग्ग** = जागना
जीव = जीना		

भविष्यत्काल

ते	हसेसहिं/हसेसन्ति/हसेसन्ते/हसेसइरे	= वे दोनों हँसेंगे।
	हसिहिहिं/हसिहिन्ति/हसिहिन्ते/हसिहिइरे	वे सब हँसेंगे।
ता	हसेसहिं/हसेसन्ति/हसेसन्ते/हसेसइरे	= वे दोनों हँसेंगी।
	हसिहिहिं/हसिहिन्ति/हसिहिन्ते/हसिहिइरे	वे सब हँसेंगी।
ते	सयेसहिं/सयेसन्ति/सयेसन्ते/सयेसइरे	= वे दोनों सोयेंगे।
	सयिहिहिं/सयिहिन्ति/सयिहिन्ते/सयिहिइरे	वे सब सोयेंगे।
ता	सयेसहिं/सयेसन्ति/सयेसन्ते/सयेसइरे	= वे दोनों सोयेंगी।
	सयिहिहिं/सयिहिन्ति/सयिहिन्ते/सयिहिइरे	वे सब सोयेंगी।
ते	णच्चेसहिं/णच्चेसन्ति/णच्चेसन्ते/णच्चेसइरे	= वे दोनों नाचेंगे।
	णच्चिहिहिं/णच्चिहिन्ति/णच्चिहिन्ते/णच्चिहिइरे	वे सब नाचेंगे।
ता	णच्चेसहिं/णच्चेसन्ति/णच्चेसन्ते/णच्चेसइरे	= वे दोनों नाचेंगी।
	णच्चिहिहिं/णच्चिहिन्ति/णच्चिहिन्ते/णच्चिहिइरे	वे सब नाचेंगी।
ते	रूसेसहिं/रूसेसन्ति/रूसेसन्ते/रूसेसइरे	= वे दोनों रूसेंगे।
	रूसिहिहिं/रूसिहिन्ति/रूसिहिन्ते/रूसिहिइरे	वे सब रूसेंगे।
ता	रूसेसहिं/रूसेसन्ति/रूसेसन्ते/रूसेसइरे	= वे दोनों रूसेंगी।
	रूसिहिहिं/रूसिहिन्ति/रूसिहिन्ते/रूसिहिइरे	वे सब रूसेंगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ते	लुक्केसहिं/लुक्केसन्ति/लुक्केसन्ते/लुक्केसइरे	= वे दोनों छिपेंगे।
	लुक्किहिहिं/लुक्किहिन्ति/लुक्किहिन्ते/लुक्किहिइरे	वे सब छिपेंगे।
ता	लुक्केसहिं/लुक्केसन्ति/लुक्केसन्ते/लुक्केसइरे	= वे दोनों छिपेंगी।
	लुक्किहिहिं/लुक्किहिन्ति/लुक्किहिन्ते/लुक्किहिइरे	वे सब छिपेंगी।
ते	जग्गेसहिं/जग्गेसन्ति/जग्गेसन्ते/जग्गेसइरे	= वे दोनों जागेंगे।
	जग्गिहिहिं/जग्गिहिन्ति/जग्गिहिन्ते/जग्गिहिइरे	वे सब जागेंगे।
ता	जग्गेसहिं/जग्गेसन्ति/जग्गेसन्ते/जग्गेसइरे	= वे दोनों जागेंगी।
	जग्गिहिहिं/जग्गिहिन्ति/जग्गिहिन्ते/जग्गिहिइरे	वे सब जागेंगी।
ते	जीवेसहिं/जीवेसन्ति/जीवेसन्ते/जीवेसइरे	= वे दोनों जीवेंगे।
	जीविहिहिं/जीविहिन्ति/जीविहिन्ते/जीविहिइरे	वे सब जीवेंगे।
ता	जीवेसहिं/जीवेसन्ति/जीवेसन्ते/जीवेसइरे	= वे दोनों जीवेंगी।
	जीविहिहिं/जीविहिन्ति/जीविहिन्ते/जीविहिइरे	वे सब जीवेंगी।

---

1. **ते** = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) } अन्य पुरुष बहुवचन
   ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ) } (पुरुषवाचक सर्वनाम)
2. भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'स'** और **'हि'** प्रत्यय क्रिया में जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'हिं'**, **'न्ति'** (**'न्ते'** और **'इरे'**) प्रत्यय क्रिया में लगते हैं। **'स'** प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है और **'हि'** प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। भविष्यत्काल बनाने के लिये वर्तमानकालिक प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त प्रकार से किया जाता है।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। यहाँ कर्ता **ते/ता** अन्य पुरुष बहुवचन में है, अत: क्रिया भी अन्य पुरुष बहुवचन की लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 25

सर्वनाम-बहुवचन

आकारान्त आदि क्रियाएँ

अम्हे, अम्हइं = हम दोनों/हम सब

तुम्हे, तुम्हइं = तुम दोनों/तुम सब

ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष)

ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ)

अकर्मक क्रियाएँ

ठा = ठहरना, **ण्हा** = नहाना, **हो** = होना

भविष्यत्काल

अम्हे, अम्हइं	ठासहुं/ठासमो/ठासमु/ठासम ठाहिहुं/ठाहिमो/ठाहिमु/ठाहिम	= हम दोनों ठहरेंगे/ठहरेंगी। हम सब ठहरेंगे/ठहरेंगी।
अम्हे, अम्हइं	ण्हासहुं/ण्हासमो/ण्हासमु/ण्हासम ण्हाहिहुं/ण्हाहिमो/ण्हाहिमु/ण्हाहिम	= हम दोनों नहावेंगे/नहावेंगी। हम सब नहावेंगे/नहावेंगी।
अम्हे, अम्हइं	होसहुं/होसमो/होसमु/होसम होहिहुं/होहिमो/होहिमु/होहिम	= हम दोनों होंगे/होंगी। हम सब होंगे/होंगी।
तुम्हे, तुम्हइं	ठासहु/ठासह/ठासइत्था ठाहिहु/ठाहिह/ठाहित्था	= तुम दोनों ठहरोगे/ठहरोगी। तुम सब ठहरोगे/ठहरोगी।
तुम्हे, तुम्हइं	ण्हासहु/ण्हासह/ण्हासइत्था ण्हाहिहु/ण्हाहिह/ण्हाहित्था	= तुम दोनों नहावोगे/नहावोगी। तुम सब नहावोगे/नहावोगी।
तुम्हे, तुम्हइं	होसहु/होसह/होसइत्था होहिहु/होहिह/होहित्था	= तुम दोनों होंगे/होंगी। तुम सब होंगे/होंगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ते	ठासहिं/ठासन्ति/ठासन्ते/ठासइरे ठाहिहिं/ठाहिन्ति/ठाहिन्ते/ठाहिइरे	=	वे दोनों ठहरेंगे। वे सब ठहरेंगे।
ता	ठासहिं/ठासन्ति/ठासन्ते/ठासइरे ठाहिहिं/ठाहिन्ति/ठाहिन्ते/ठाहिइरे	=	वे दोनों ठहरेंगी। वे सब ठहरेंगी।
ते	ण्हासहिं/ण्हासन्ति/ण्हासन्ते/ण्हासइरे ण्हाहिहिं/ण्हाहिन्ति/ण्हाहिन्ते/ण्हाहिइरे	=	वे दोनों नहावेंगे। वे सब नहावेंगे।
ता	ण्हासहिं/ण्हासन्ति/ण्हासन्ते/ण्हासइरे ण्हाहिहिं/ण्हाहिन्ति/ण्हाहिन्ते/ण्हाहिइरे	=	वे दोनों नहावेंगी। वे सब नहावेंगी।
ते	होसहिं/होसन्ति/होसन्ते/होसइरे होहिहिं/होहिन्ति/होहिन्ते/होहिइरे	=	वे दोनों होंगे। वे सब होंगे।
ता	होसहिं/होसन्ति/होसन्ते/होसइरे होहिहिं/होहिन्ति/होहिन्ते/होहिइरे	=	वे दोनों होंगी। वे सब होंगी।

---

1. **अम्हे / अम्हइं** } = हम दोनों/हम सब, उत्तम पुरुष बहुवचन,
   तुम्हे / तुम्हइं } = तुम दोनों/तुम सब, **मध्यम पुरुष बहुवचन,**
   ते = वे दोनों (पुरुष)/वे सब (पुरुष) }
   ता = वे दोनों (स्त्रियाँ)/वे सब (स्त्रियाँ) } अन्य पुरुष बहुवचन

   } पुरुषवाचक सर्वनाम बहुवचन

2. **भविष्यत्काल के प्रत्यय** (पाठ 17 से 25 तक)

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष	सउं, हिउं	सहुं, हिहुं
	समि, हिमि	समो, हिमो
		समु, हिमु
		सम, हिम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मध्यम पुरुष	सहि, हिहि	सहु, हिहु
	ससि, हिसि	सह, हिह
	ससे, हिसे	सइत्था, हित्था (हि+इत्था)
अन्य पुरुष	सइ, हिइ	सहिं, हिहिं
	सए, हिए	सन्ति, हिन्ति
		सन्ते, हिन्ते
		सइरे, हिइरे

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 26

अभ्यास

1. निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिये -

(1) हम शरमायेंगे। (2) तुम रोवोगे। (3) हम सब उछलेंगे। (4) मैं खेलूँगा। (5) वह कूदेगा। (6) वे लड़ेंगे। (7) तुम सब मूर्च्छित होवोगे। (8) हम दोनों घूमेंगे। (9) तुम दोनों बैठोगे। (10) हम उठेंगे। (11) वे छटपटाएँगे। (12) तुम थकोगे। (13) वह खुश होगा। (14) हम सब प्रयास करेंगे। (15) तुम मरोगे। (16) तुम दोनों कलह करोगे। (17) वह रोवेगा। (18) मैं गिरूँगा। (19) वह उठेगी। (20) तुम खेलोगी। (21) हम सब भिड़ेंगे। (22) हम छटपटाएँगे। (23) तुम सब कूदोगे। (24) वे घूमेंगे। (25) तुम सब उछलोगे। (26) हम डरेंगे। (27) वे खुश होंगे।

2. निम्नलिखित वाक्यों की भी अपभ्रंश में रचना कीजिये -

(1) मैं काँपता हूँ। (2) तुम लड़ो। (3) वह थकेगा। (4) हम सब डरते हैं। (5) मैं कूदूँ। (6) तुम दोनों उछलोगे। (7) तुम गिरते हो। (8) वह भिड़े। (9) मैं उठूँगा। (10) तुम प्रयास करते हो। (11) वे बैठें। (12) हम खुश होंगे। (13) मैं रोता हूँ। (14) तुम उठो। (15) वे मरेंगी। (16) वह कूदता है। (17) हम उछलें। (18) मैं घूमूँगा। (19) वे थकते हैं। (20) हम खेलें। (21) वह काँपेगी। (22) वह डरती है। (23) वह लड़े। (24) वे शरमायेंगी। (25) वे उठती हैं। (26) तुम दोनों प्रयास करो। (27) तुम सब कूदोगे।

3. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये (सर्वनाम लिखिये) -

(1) ..... थक्कमि। (2) ..... डरहुं। (3) ..... पडमो। (4) .....उट्ठि।

(5) ..... कलहहि। (6) .....घुमह। (7) ..... अच्छे। (8) ..... मुच्छ। (9) ..... भिडमु। (10) ..... कुल्लउ। (11) ..... जुज्झउं। (12) ..... उज्जमन्तु। (13) ..... कंपसि। (14) ..... उल्लसेइ। (15) ..... उच्छलहु। (16) ..... हरसेसमि। (17) ..... उट्ठेसहुं। (18) ..... कुल्लेसहु। (19) ..... मरेसहिं। (20) ..... मरेसन्ति। (21) ..... खेलिहिसि। (22) ..... लज्जिहिउं। (23) ..... रुविहिह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(24) ..... जुज्झेसमि। (25) ..... लज्जेसइत्था। (26) ..... मरिहिमो।

(27) ..... मरिहिमु। (28) ..... कंपिहिन्ति। (29) ..... मुच्छिहिन्ति।

(30) ..... उल्लसउं।

4. निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -

(1) हउं ..... (कुल्ल-वर्तमानकाल में)।

(2) अम्हे ..... (खेल-भविष्यत्काल में)।

(3) अम्हइं ..... (जुज्झ-वर्तमानकाल में)।

(4) तुम्हे ..... (उट्ठ-विधि एवं आज्ञा में)।

(5) तुहुं ..... (अच्छ-भविष्यत्काल में)।

(6) ते ..... (मुच्छ-वर्तमानकाल में)।

(7) सो ..... (रुव-विधि एवं आज्ञा में)।

(8) ता ..... (डर-विधि एवं आज्ञा में)।

(9) तुहुं ..... (उल्लस-विधि एवं आज्ञा में)।

(10) सा ..... (लज्ज-भविष्यत्काल में)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 27

सम्बन्धक भूत कृदन्त (पूर्वकालिक क्रिया)

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **णच्च** = नाचना, **लुक्क** = छिपना

संबन्धक भूत कृदन्त के प्रत्यय	हस	णच्च	लुक्क
इ	**हसि** = हँसकर	**णच्चि** = नाचकर	**लुक्कि** = छिपकर
इउ	**हसिउ** = हँसकर	**णच्चिउ** = नाचकर	**लुक्किउ** = छिपकर
इवि	**हसिवि** = हँसकर	**णच्चिवि** = नाचकर	**लुक्किवि** = छिपकर
अवि	**हसवि** = हँसकर	**णच्चवि** = नाचकर	**लुक्कवि** = छिपकर
एप्पि	**हसेप्पि** = हँसकर	**णच्चेप्पि** = नाचकर	**लुक्केप्पि** = छिपकर
एप्पिणु	**हसेप्पिणु** = हँसकर	**णच्चेप्पिणु** = नाचकर	**लुक्केप्पिणु** = छिपकर
एवि	**हसेवि** = हँसकर	**णच्चेवि** = नाचकर	**लुक्केवि** = छिपकर
एविणु	**हसेविणु** = हँसकर	**णच्चेविणु** = नाचकर	**लुक्केविणु** = छिपकर

वाक्यों में प्रयोग

हउं **हसि/हसिउ/हसिवि/हसवि/हसेप्पि/ हसेप्पिणु/हसेवि/हसेविणु** जीवउं = मैं हँसकर जीता हूँ।

हउं **हसि/हसिउ/हसिवि/हसवि/हसेप्पि/ हसेप्पिणु/हसेवि/हसेविणु** जीवमु = मैं हँसकर जीवूँ।

हउं **हसि/हसिउ/हसिवि/हसवि/हसेप्पि/ हसेप्पिणु/हसेवि/हसेविणु** जीवेसउं = मैं हँसकर जीवूँगा।

तुहुं **णच्चि/णच्चिउ/णच्चिवि/णच्चवि/णच्चेप्पि/ णच्चेप्पिणु/णच्चेवि/णच्चेविणु** थक्कहि = तुम नाचकर थकते हो।

तुहुं **णच्चि/णच्चिउ/णच्चिवि/णच्चवि/णच्चेप्पि/ णच्चेप्पिणु/णच्चेवि/णच्चेविणु** थक्केहि = तुम नाचकर थको।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुहुं **णच्चि/णच्चिउ/णच्चिवि/णच्चवि/णच्चेप्पि/**
णच्चेप्पिणु/णच्चेवि/णच्चेविणु थक्केसहि = तुम नाचकर थकोगे।

इसी प्रकार अन्य पुरुषवाचक सर्वनामों के साथ वाक्य बना लेने चाहिये।

निम्नलिखित वाक्यों में संबन्धक भूत कृदन्तों के प्रत्ययों का प्रयोग कीजिये -

(1) वह रोकर सोता है। (2) वह शरमाकर उठती है।

(3) वे गिरकर उठते हैं। (4) तुम सब थककर बैठो।

(5) हम खेलकर खुश होते हैं। (6) हम उठकर बैठेंगे।

(7) वे कूदकर खेलेंगे। (8) तुम खेलकर प्रसन्न होवो।

(9) वे रूसकर छिपते हैं। (10) वह घूमकर खुश होगी।

---

1. **क्रिया के अन्त में** प्रत्यय लगने पर जो शब्द बनता है वह कृदन्त कहलाता है। हँसकर, सोकर, जागकर आदि भावों को प्रकट करने के लिये अपभ्रंश में उपर्युक्त प्रत्यय काम में लिये जाते हैं। उन प्रत्ययों के लगने के पश्चात् जो शब्द बनता है, वह संबन्धक भूत कृदन्त कहलाता है। इसमें कर्ता एक क्रिया समाप्त करके दूसरा कार्य करता है तो पहले किये गये कार्य के लिये सम्बन्धक भूत कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। इसमें कृदन्तवाचक शब्द और सामान्य क्रिया दोनों का सम्बन्ध कर्ता से होता है। (वह हँसकर सोता है, इसमें 'हँसने' और 'सोने' का सम्बन्ध 'वह' कर्ता से है) ये शब्द अव्यय होते हैं, इसलिये **इनका रूप परिवर्तन नहीं होता है।**
2. उपर्युक्त सभी प्रत्यय अकर्मक क्रियाओं में लगाये गये हैं।
3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 28

हेत्वर्थक कृदन्त

क्रियाएँ

हस = हँसना, **णच्च** = नाचना

हेत्वर्थक कृदन्त के प्रत्यय	हस	णच्च
एवं	**हसेवं** = हँसने के लिए	**णच्चेवं** = नाचने के लिए
अण	**हसण** = हँसने के लिए	**णच्चण** = नाचने के लिए
अणहं	**हसणहं** = हँसने के लिए	**णच्चणहं** = नाचने के लिए
अणहिं	**हसणहिं** = हँसने के लिए	**णच्चणहिं** = नाचने के लिए
एप्पि	**हसेप्पि** = हँसने के लिए	**णच्चेप्पि** = नाचने के लिए
एप्पिणु	**हसेप्पिणु** = हँसने के लिए	**णच्चेप्पिणु** = नाचने के लिए
एवि	**हसेवि** = हँसने के लिए	**णच्चेवि** = नाचने के लिए
एविणु	**हसेविणु** = हँसने के लिए	**णच्चेविणु** = नाचने के लिए

वाक्यों में प्रयोग

हउं **हसेवं/हसण/हसणहं/हसणहिं/हसेप्पि/हसेप्पिणु/हसेवि/हसेविणु** जीवउं = मैं हँसने के लिए जीता हूँ।

हउं **हसेवं/हसण/हसणहं/हसणहिं/हसेप्पि/हसेप्पिणु/हसेवि/हसेविणु** जीवमु = मैं हँसने के लिए जीवूँ।

हउं **हसेवं/हसण/हसणहं/हसणहिं/हसेप्पि/हसेप्पिणु/हसेवि/हसेविणु** जीवेसउं = मैं हँसने के लिए जीवूँगा।

तुहुं **णच्चेवं/णच्चण/णच्चणहं/णच्चणहिं/णच्चेप्पि/णच्चेप्पिणु/णच्चेवि/णच्चेविणु** उट्ठहि = तुम नाचने के लिए उठते हो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुहुं **णच्चेवं/णच्चण/णच्चणहं/णच्चणहिं/**
णच्चेप्पि/णच्चेप्पिणु/णच्चेवि/ = तुम नाचने के लिए उठे।
णच्चेविणु उट्ठु

तुहुं **णच्चेवं/णच्चण/णच्चणहं/णच्चणहिं/**
णच्चेप्पि/णच्चेप्पिणु/णच्चेवि/ = तुम नाचने के लिए
णच्चेविणु उट्ठेसहि उठोगे।

इसी प्रकार अन्य पुरुषवाचक सर्वनामों के साथ वाक्य बना लेने चाहिये।

निम्नलिखित वाक्यों में हेत्वर्थक कृदन्तों के प्रत्ययों का प्रयोग कीजिये -

(1) वह थकने के लिए नाचता है।
(2) वह बैठने के लिए गिरती है।
(3) वे लड़ने के लिए छिपते हैं।
(4) तुम सब उठने के लिए बैठो।
(5) हम खेलने के लिए घूमेंगे।
(6) तुम दोनों खुश होने के लिए जीवो।
(7) वे सोने के लिए थकें।
(8) वह जागने के लिए प्रयास करे।
(9) वे नाचने के लिए उठेंगे।
(10) वे कूदने के लिए उठेंगी।

---

1. **क्रिया के अन्त में** प्रत्यय लगने पर जो शब्द बनता है, वह कृदन्त कहलाता है। हँसने के लिए, नाचने के लिए, जीने के लिए आदि भावों को प्रकट करने के लिये अपभ्रंश में उपर्युक्त प्रत्यय काम में लिए जाते हैं। इन प्रत्ययों के लगने के पश्चात् जो शब्द बनते है, वे हेत्वर्थक कृदन्त कहलाते हैं। ये शब्द अव्यय होते हैं, इसलिए **इनका रूप परिवर्तन नहीं होता है।**
2. हेत्वर्थक कृदन्त के अन्तिम चार प्रत्यय (एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु) संबन्धक भूत कृदन्त के समान हैं, प्रसंग देखकर ही अर्थ लगाना होगा।
3. उपर्युक्त सभी प्रत्यय अकर्मक क्रियाओं में लगाए गए हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 29

संज्ञाएँ एवं क्रियाएँ

(1) अकारान्त संज्ञा शब्द (पुल्लिग)

करह	= ऊँट,	रयण	= रत्न
कुक्कुर	= कुत्ता,	सायर	= समुद्र
गंथ	= पुस्तक,	राय	=नरेश
जणेर	= बाप,	नरिंद	= राजा
पुत्त	= पुत्र,	बालअ	= बालक
पोत्त	= पोता,	दुज्जस	= अपयश
घर	= मकान,	हणुवन्त	= हनुमान
माउल	= मामा,	गव्व	= गर्व
पिआमह	= दादा,	हुअवह	= अग्नि
ससुर	= ससुर,	मारुअ	= पवन
दिअर	= देवर,	पड	= वस्त्र
णर	= मनुष्य,	कयंत	= मृत्यु
परमेसर	= परमेश्वर,	दिवायर	= सूर्य
रहुणन्दण	= राम,	रक्खस	= राक्षस
वय	= व्रत,	सीह	= सिंह
आगम	= शास्त्र,	दुक्ख	= दुःख
सप्प	= साँप,	मित्त	= मित्र
भव	= संसार,	दुह	= दुःख
कूव	= कुआ,	बप्प	= पिता
मेह	= मेघ,	सलिल	= पानी
		गाम	= गाँव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) अकर्मक क्रियाएँ

गल	= गलना,	**णिज्झर**	= झरना
खय	= नष्ट होना,	**सोह**	= शोभना
जल	= जलना,	**सुक्क**	= सूखना
लुढ	= लुढ़कना,	**पसर**	= फैलना
हो	= होना,	**डुल**	= डोलना, हिलना
हु	= होना,	**दुक्ख**	= दुखना
उप्पज्ज	= पैदा होना,	**पला**	= भाग जाना
वल	= मुड़ना,	**बइस**	= बैठना
जर	= बूढ़ा होना,	**बुक्क**	= भोंकना
गज्ज	= गर्जना,	**तुट्ट**	= टूटना
उग	= उगना,	**कंद**	= रोना
उड्ड	= उड़ना,	**हरिस**	= प्रसन्न होना
नस्स	= नष्ट होना		

---

1. उपर्युक्त सभी संज्ञा शब्द अकारान्त पुल्लिग हैं।
2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 30

अकारान्त संज्ञा (पुल्लिग)

प्रथमा एकवचन

नरिंद = राजा, **बालअ** = बालक

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **जग्ग** = जागना

प्रथमा (एकवचन)		**वर्तमानकाल (एकवचन)**
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	हसइ/हसेइ/हसए	= राजा हँसता है।
बालउ बालओ बालअ बालआ	जग्गइ/जग्गेइ/जग्गए	= बालक जागता है।

प्रथमा (एकवचन)		**विधि एवं आज्ञा(एकवचन)**
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	हसउ/हसेउ	= राजा हँसे।
बालउ बालओ बालअ बालआ	जग्गउ/जग्गेउ	= बालक जागे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथमा (एकवचन)		भविष्यत्काल (एकवचन)
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	हसेसइ/हसेसए हसिहिइ/हसिहिए	= राजा हँसेगा।
बालउ बालओ बालअ बालआ	जग्गेसइ/जग्गेसए जग्गिहिइ/जग्गिहिए	= बालक जागेगा।

---

1. नरिंदु/नरिंदो/नरिंद/नरिंदा = **प्रथमा एकवचन** (अकारान्त पुल्लिग)।

2. अकारान्त पुल्लिग शब्द 'नरिंद' में '**उ**', '**ओ**', '**0**', '**0**'→ **आ** प्रत्यय प्रथमा के एकवचन में लगे हैं।

3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता (व्यक्ति, वस्तु आदि) में **प्रथमा** होती है।

4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

5. उपर्युक्त संज्ञाओं के साथ जो क्रियारूप काम में आया है वह '**अन्य पुरुष एकवचन**' का है।

6. कर्तृवाच्य में प्रयुक्त संज्ञाओं के साथ '**अन्य पुरुष सर्वनाम**' की क्रिया काम में आती है। यहाँ संज्ञा एकवचन में है अत: क्रिया भी एकवचन की ही लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 31

अकारान्त संज्ञा (पुल्लिग)

प्रथमा बहुवचन

नरिंद = राजा, **बालअ** = बालक

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **जग्ग** = जागना

प्रथमा (बहुवचन) **वर्तमानकाल (बहुवचन)**

नरिंद, नरिंदा } हसहिं/हसन्ति/हसन्ते/हसिरे = राजा हँसते हैं।

बालअ, बालआ } जग्गहिं/जग्गन्ति/जग्गन्ते/जग्गिरे = बालक जागते हैं।

प्रथमा (बहुवचन) **विधि एवं आज्ञा(बहुवचन)**

नरिंद, नरिंदा } हसन्तु/हसेन्तु = राजा हँसें।

बालअ, बालआ } जग्गन्तु/जग्गेन्तु = बालक जागें।

प्रथमा (बहुवचन) **भविष्यत्काल (बहुवचन)**

नरिंद, नरिंदा } हसेसहिं/हसेसन्ति, हसिहिहिं/हसिहिन्ति = राजा हँसेंगे।

बालअ, बालआ } जग्गेसहिं/जग्गेसन्ति, जग्गिहिहिं/जग्गिहिन्ति = बालक जागेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

1. नरिंद/नरिंदा = **प्रथमा बहुवचन** (अकारान्त पुल्लिग)।

2. अकारान्त पुल्लिग शब्द 'नरिंद' के प्रथमा बहुवचन में '**0**', **0→आ** प्रत्यय लगे हैं।

3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता (व्यक्ति, वस्तु आदि) में **प्रथमा** होती है।

4. उपर्युक्त संज्ञाओं के साथ जो क्रिया-रूप काम में आया है वह '**अन्य पुरुष बहुवचन**' का है।

5. कर्तृवाच्य में प्रयुक्त संज्ञाओं के साथ '**अन्य पुरुष सर्वनाम**' की क्रिया काम में आती है। यहाँ संज्ञा बहुवचन में है, अत: क्रिया भी बहुवचन की ही लगी है।

6. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 32

अभ्यास

1. निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) - (1) मेघ गरजते हैं। (2) वस्त्र सूखता है। (3) रत्न शोभता है। (4) अपयश फैलता है। (5) अग्नि जलती है। (6) पिता उठता है। (7) पुस्तक नष्ट होती है। (8) मित्र प्रयास करता है। (9) रघुनन्दन प्रसन्न होता है। (10) कुत्ता भौंकता है। (11) पुत्र काँपता है। (12) घर गिरता है। (13) मनुष्य बूढ़े होते हैं। (14) गर्व गलता है। (15) दादा थकता है। (16) व्रत शोभते हैं। (17) ऊँट नाचते हैं। (18) सूर्य उगता है। (19) राक्षस डरते हैं। (20) सिंह बैठते हैं।

(ख) - (1) मामा उठे। (2) पोता घूमे। (3) गर्व नष्ट हो। (4) बालक खेलें। (5) राक्षस मरें। (6) दुक्ख गलें। (7) शास्त्र शोभें। (8) मित्र खुश हो। (9) समुद्र फैले। (10) पुत्र जीवे।

(ग) - (1) अग्नि जलेगी। (2) शास्त्र नष्ट होंगे। (3) सर्प उड़ेंगे। (4) रघुनन्दन प्रसन्न होंगे। (5) संसार नष्ट होगा। (6) राक्षस मूर्च्छित होंगे। (7) बालक रूसेगा। (8) मनुष्य प्रयास करेंगे। (9) मकान गिरेंगे। (10) कुआ सूखेगा।

2. निम्नलिखित वर्तमानकालिक वाक्यों को शुद्ध कीजिये (कर्ता के अनुसार क्रिया लगाइये) -

(1)कुक्कुरु बुक्कन्ति। (2) गंथो नस्सन्ते। (3) णरु कंदन्ति। (4) दुक्खु तुट्टन्ति। (5) करहो थक्कन्ति। (6) माउलु थक्कहिं।

3. निम्नलिखित विधि एवं आज्ञावाचक वाक्यों को शुद्ध कीजिए (कर्ता के अनुसार क्रिया लगाइए) -

(1) ससुरो उट्ठन्तु। (2) दिअरु णच्चन्तु। (3) परमेसरो हरिसेन्तु। (4) हणुवन्तो बइसन्तु। (5) सीहु पलान्तु। (6) कयंतो होन्तु।

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की निर्देशानुसार पूर्ति कीजिये (कर्ता के अनुसार क्रिया लगाइये) -

(1) मेह ..... (पसर-भविष्यत्काल में)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) कूवा ..... (सुक्क-भविष्यत्काल में)।

(3) सप्पु ..... (लुक्क-विधि एवं आज्ञा में)।

(4) पुत्त ..... (जग्ग-वर्तमानकाल में)।

(5) घरो ..... (पड-भविष्यत्काल में)।

(6) हुअवह ..... (जल-भविष्यत्काल में)।

(7) आगम ..... (सोह-वर्तमानकाल में)।

(8) भव ..... (खय-भविष्यत्काल में)।

(9) बप्प ..... (उज्जम-विधि एवं आज्ञा में)।

(10) रक्खस ..... (जुज्झ-भविष्यत्काल में)।

5. निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) - (1) कुत्ता डरकर रोता है। (2) पिता हँसकर जीता है। (3) राजा प्रसन्न होकर उठते हैं। (4) सर्प डरकर भागते हैं। (5) ससुर रूसकर भिड़ता है। (6) रत्न पड़कर टूटता है। (7) पिता जागकर डोलता है।

(ख) - (1) पिता हँसने के लिए जीवे। (2) पोता नाचने के लिए उठे। (3) अग्नि नष्ट होने के लिए जले। (4) दादा घूमने के लिए उठे। (5) पानी सूखने के लिए झरे। (6) मित्र दुःखी होकर लड़ता है। (7) सूर्य शोभने के लिए उगे।

(ग) - (1) पुत्र कलह करके शरमायेगा। (2) मित्र प्रसन्न होने के लिए जीवेगा। (3) ऊँट थकने के लिए नाचेगा। (4) घर गिरकर नष्ट होगा। (5) व्रत टूटकर गलेगा। (6) राक्षस मरने के लिए कूदेंगे। (7) पानी फैलकर सूखेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 33

संज्ञाएँ एवं क्रियाएँ

(1) अकारान्त संज्ञा शब्द (नपुंसकलिंग)

विमाण	= विमान,	मज्ज	= मद्य
सासण	= शासन,	वसण	= व्यसन
पत्त	= कागज,	जूअ	= जुआ
सोक्ख	= सुख,	असण	= भोजन
रज्ज	= राज्य,	तिण	= घास
पोट्टल	= गठरी,	वण	= जंगल
णह	= आकाश,	वत्थ	= वस्त्र
सील	= सदाचार,	कट्ठ	= काठ
णयरजण	= नागरिक,	भोयण	= भोजन
खीर	= दूध,	घय	= घी
छिक्क	= छींक,	सिर	= मस्तक
लक्कुड	= लकड़ी,	सुत्त	= धागा
उदग	= जल,	सुह	= सुख
गाण	= गीत,	रिण	= कर्ज
भय	= भय,	बीअ	= बीज
वेरग्ग	= वैराग्य,	जीवण	= जीवन
सच्च	= सत्य,	रूप	= रूप
रत्त	= रक्त,	कम्म	= कर्म
मरण	= मरण,	जोव्वण	= यौवन
खेत्त	= खेत,	णाण	= ज्ञान
धन्न	= धान,	मण	= चित्त, मन
धण	= धन,		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) अकर्मक क्रियाएँ

वड्ढ	= बढ़ना,	**चेट्ठ**	= प्रयत्न करना
विअस	= खिलना,	**गुंज**	= गूँजना
लोट्ट	= सोना, लोटना	**सिज्झ**	= सिद्ध होना
चुअ	= टपकना,	**जल**	= जलना
कुद्द	= कूदना,	**उच्छह**	= उत्साहित होना
जम्म	= जन्म लेना,	**चुक्क**	= भूल करना
जगड	= झगड़ा करना,	**लोभ**	= लालच करना
जागर	= जागना,	**कील**	= क्रीड़ा करना
विज्ज	= उपस्थित होना,	**कील**	= कीलना (मंत्रादि से)
खिज्ज	= अफसोस करना,	**घट**	= कम होना, घटना
चिट्ठ	= ठहरना, बैठना,	**चिराव**	= देर करना
छुट्ट	= छूटना,	**तव**	= तपना
हव	= होना,	**वस**	= बसना
रम	= रमना,	**फुर**	= प्रकट होना

---

1. उपुर्यक्त सभी संज्ञा शब्द अकारान्त नपुंसकलिंग हैं।
2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 34

अकारान्त संज्ञा (नपुंसकलिंग)

प्रथमा एकवचन

कमल = कमल का फूल, **धण** = धन

अकर्मक क्रियाएँ

विअस = खिलना, **वड्ढ** = बढ़ना

प्रथमा (एकवचन) **वर्तमानकाल (एकवचन)**

कमलु, कमल, कमला } विअसइ/विअसेइ/विअसए = कमल खिलता है।

धणु, धण, धणा } वड्ढइ/वड्ढेइ/वड्ढए = धन बढ़ता है।

प्रथमा (एकवचन) **विधि एवं आज्ञा(एकवचन)**

कमलु, कमल, कमला } विअसउ/विअसेउ = कमल खिले।

धणु, धण, धणा } वड्ढउ/वड्ढेउ = धन बढ़े।

प्रथमा (एकवचन) **भविष्यत्काल (एकवचन)**

कमलु, कमल, कमला } विअसेसइ/विअसेसए, विअसिहिइ/विअसिहिए = कमल खिलेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धणु, धण, धणा } वड्ढेसइ/वड्ढेसए, वड्ढिहिइ/वड्ढिहिए = धन बढ़ेगा।

---

1. कमलु/कमल/कमला = **प्रथमा एकवचन** (अकारान्त नपुंसकलिंग)।
2. अकारान्त नपुंसकलिंग शब्द '**कमल**' के प्रथमा एकवचन में '**उ**', '**0**', '**0**'→**आ** प्रत्यय लगे हैं।
3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता में प्रथमा होती है।
4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
5. उपर्युक्त क्रियाओं के साथ जो क्रिया-रूप काम में आया है, वह '**अन्य पुरुष एकवचन**' का है।
6. कर्तृवाच्य में प्रयुक्त संज्ञाओं के साथ '**अन्य पुरुष सर्वनाम**' की क्रिया काम में आती है। यहाँ संज्ञा एकवचन में है, अत: क्रिया भी एकवचन की ही लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 35

अकारान्त संज्ञा (नपुंसकलिंग)

प्रथमा बहुवचन

कमल = कमल का फूल, **धण** = धन

अकर्मक क्रियाएँ

विअस = खिलना, **वड्ढ** = बढ़ना

प्रथमा (बहुवचन)	**वर्तमानकाल (बहुवचन)**	
कमलइं कमलाइं कमल कमला	विअसहिं/विअसन्ति/विअसन्ते/विअसिरे	= कमल खिलते हैं।
धणइं धणाइं धण धणा	वड्ढहिं/वड्ढन्ति/वड्ढन्ते/वड्ढिरे	= धन बढ़ते हैं।

प्रथमा (बहुवचन)	**विधि एवं आज्ञा(बहुवचन)**	
कमलइं कमलाइं कमल कमला	विअसन्तु/विअसेन्तु	= कमल खिलें।
धणइं धणाइं धण धणा	वड्ढन्तु/वड्ढेन्तु	= धन बढ़ें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथमा (बहुवचन)		भविष्यत्काल (बहुवचन)
कमलइं कमलाइं कमल कमला	विअसेसहिं/विअसेसन्ति विअसिहिहिं/विअसिहिन्ति	= कमल खिलेंगे।
धणइं धणाइं धण धणा	वड्ढेसहिं/वड्ढेसन्ति वड्ढिहिहिं/वड्ढिहिन्ति	= धन बढ़ेंगे।

---

1. कमलइं/कमलाइं/कमल/कमला = **प्रथमा बहुवचन** (अकारान्त नपुंसकलिंग)।
2. अकारान्त नपुंसकलिंग शब्द '**कमल**' में प्रथमा के बहुवचन में '**इं**', **इं → आइं**, '**0**', **0→आ** प्रत्यय लगे हैं।
3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता में प्रथमा होती है।
4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
5. उपर्युक्त क्रियाओं के साथ जो क्रियारूप काम में आया है, वह '**अन्य पुरुष बहुवचन**' का है।
6. कर्तृवाच्य में प्रयुक्त संज्ञाओं के साथ '**अन्य पुरुष सर्वनाम**' की क्रिया काम में आती है। यहाँ संज्ञा बहुवचन में है, अत: क्रिया भी बहुवचन की ही लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 36

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिये -

(क) - (1) सुख बढ़ता है। (2) दूध टपकता है। (3) नागरिक प्रसन्न होते हैं। (4) गठरी लुढ़कती है। (5) यौवन खिलता है। (6) राज्य भूल करता है। (7) आकाश गूँजता है। (8) सदाचार प्रकट होता है। (9) घास जलता है। (10) कर्ज बढ़ता है।

(ख) - (1) वैराग्य बढ़े। (2) दु:ख घटे। (3) राज्य प्रयत्न करे। (4) ज्ञान सिद्ध हो। (5) शासन डरे। (6) सदाचार शोभे। (7) धन घटे। (8) पोटली लुढ़के। (9) सत्य खिले। (10) पानी टपके।

(ग) - (1) नागरिक सोयेंगे। (2) रूप खिलेगा। (3) शासन प्रयत्न करेगा। (4) बीज उगेंगे। (5) लकड़ी जलेगी। (6) राज्य उत्साहित होगा। (7) कर्म नष्ट होंगे। (8) दु:ख फैलेगा। (9) विमान उड़ेंगे। (10) सत्य शोभेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 37

संज्ञाएँ एवं क्रियाएँ

(1) आकारान्त संज्ञा शब्द (स्त्रीलिंग)

परिक्खा	= परीक्षा,	**कन्ना**	= कन्या
सीया	= सीता,	**कलसिया**	= छोटा घड़ा
सुया	= पुत्री,	**गुहा**	= गुफा
ससा	= बहिन,	**झुंपडा**	= झोंपड़ी
माया	= माता,	**णिद्दा**	= नींद
वाया	= वाणी,	**पइट्ठा**	= प्रतिष्ठा
आणा	= आज्ञा,	**पसंसा**	= प्रशंसा
कमला	= लक्ष्मी,	**सिक्खा**	= शिक्षा
करुणा	= दया,	**सोहा**	= शोभा
गंगा	= गंगा,	**मइरा**	= मदिरा
जरा	= बुढ़ापा,	**सरिआ**	= नदी
तणया	= पुत्री,	**अहिलासा**	= अभिलाषा
णम्मया	= नर्मदा,	**गड्डा**	= गड्ढा, खड्डा
कहा	= कथा,	**धूआ**	= बेटी
जउणा	= यमुना,	**नणन्दा**	= नणद
जाआ	=पत्नी,	**महिला**	= स्त्री
सद्धा	= श्रद्धा,	**पण्णा**	= प्रज्ञा
मेहा	= बुद्धि,	**तिसा**	= प्यास
संझा	= सायंकाल,	**तण्हा**	= तृष्णा
भुक्खा	= भूख,	**निसा**	= रात्रि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) अकर्मक क्रियाएँ

छिज्ज	= छीजना,	**लुंच**	= बाल उखाड़ना
खुम्भ	= भूख लगना,	**वम**	= वमन करना
खास	= खाँसना,	**उस्सस**	= साँस लेना
गडयड	= गिड़गिड़ाना,	**लग्ग**	=लगना
बिह	= डरना,	**उवविस**	= बैठना
उवसम	= शान्त होना,	**ऊतर**	= उतरना, नीचे आना
थंभ	= रुकना		

---

1. उपर्युक्त सभी संज्ञा शब्द आकारान्त स्त्रीलिंग हैं।
2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 38

आकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग)

प्रथमा एकवचन

ससा = बहिन, **माया** = माता

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **जग्ग** = जागना

प्रथमा (एकवचन) **वर्तमानकाल(एकवचन)**

ससा, सस } हसइ/हसेइ/हसए = बहिन हँसती है।

माया, माय } जग्गइ/जग्गेइ/जग्गए = माता जागती है।

प्रथमा (एकवचन) **विधि एवं आज्ञा(एकवचन)**

ससा, सस } हसउ/हसेउ = बहिन हँसे।

माया, माय } जग्गउ/जग्गेउ =माता जागे।

प्रथमा (एकवचन) **भविष्यत्काल (एकवचन)**

ससा, सस } हसेसइ/हसेसए, हसिहिइ/हसिहिए = बहिन हँसेगी।

माया, माय } जग्गेसइ/जग्गेसए, जग्गिहिइ/जग्गिहिए = माता जागेगी।

---

1. ससा/सस = **प्रथमा एकवचन** (आकारान्त स्त्रीलिंग)।
2. आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द 'ससा' के '**0**' और **0→ह्रस्व (आ→अ)** प्रत्यय प्रथमा के एकवचन में लगे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता (व्यक्ति, वस्तु आदि) में **प्रथमा** होती है।

4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।

5. उपर्युक्त संज्ञाओं के साथ जो क्रिया-रूप काम में आया है वह **'अन्य पुरुष एकवचन'** का है।

6. कर्तृवाच्य में प्रयुक्त संज्ञाओं के साथ **'अन्य पुरुष सर्वनाम'** की क्रिया काम में आती है। यहाँ संज्ञा एकवचन में है, अत: क्रिया भी एकवचन की ही लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 39

आकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग)

प्रथमा बहुवचन

ससा = बहिन, माया = माता

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, जग्ग = जागना

प्रथमा (बहुवचन)		**वर्तमानकाल (बहुवचन)**
ससा सस ससाउ ससउ ससाओ ससओ	हसहिं/हसन्ति/हसन्ते/हसिरे	= बहिनें हँसती हैं।
माया माय मायाउ मायउ मायाओ मायओ	जग्गहिं/जग्गन्ति/जग्गन्ते/जग्गिरे	= माताएँ जागती हैं।
प्रथमा (बहुवचन)		**विधि एवं आज्ञा(बहुवचन)**
ससा सस ससाउ ससउ ससाओ ससओ	हसन्तु/हसेन्तु	= बहिनें हँसें।
माया माय मायाउ मायउ मायाओ मायओ	जग्गन्तु/जग्गेन्तु	= माताएँ जागें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथमा (बहुवचन)		भविष्यत्काल (बहुवचन)
ससा सस ससाउ ससउ ससाओ ससओ	हसेसहिं/हसेसन्ति/हसेसन्ते/हसेसइरे हसिहिहिं/हसिहिन्ति/हसिहिन्ते/हसिहिइरे	= बहिनें हँसेगी।
माया माय मायाउ मायउ मायाओ मायओ	जग्गेसहिं/जग्गेसन्ति/जग्गेसन्ते/जग्गेसइरे जग्गिहिहिं/जग्गिहिन्ति/जग्गिहिन्ते/जग्गिहिइरे	= माताएँ जागेंगी।

---

1. ससा/सस/ससाउ/ससउ/ससाओ/ससओ = **प्रथमा बहुवचन** (आकारान्त स्त्रीलिंग)।
2. आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द **'ससा'** में 0, उ, ओ प्रत्यय प्रथमा के बहुवचन में लगेंगे। इन प्रत्ययों के प्रभाव से मूलशब्द ह्रस्व (आ→अ) हो जाता है। अर्थात् **'0', 0→अ, 'उ', उ→अउ, 'ओ', ओ→अओ।**
3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता (व्यक्ति, वस्तु आदि) में **प्रथमा** होती है।
4. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
5. उपर्युक्त संज्ञाओं के साथ जो क्रियारूप काम में आया है वह **'अन्य पुरुष बहुवचन'** का है।
6. कर्तृवाच्य में प्रयुक्त संज्ञाओं के साथ **'अन्य पुरुष सर्वनाम'** की क्रिया काम में आती है। यहाँ संज्ञा बहुवचन में है अत: क्रिया भी बहुवचन की ही लगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 40

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) -

(1) सीता शोभती है।
(2) बहिन छीजती है।
(3) माता प्रसन्न होती है।
(4) वाणी थकती है।
(5) आज्ञा प्रकट होती है।
(6) लक्ष्मी घटती है।
(7) दया छूटती है।
(8) गंगा फैलती है।
(9) बुढ़ापा बढ़ता है।
(10) सायंकाल होता है।
(11) कन्याएँ रुकती हैं।
(12) झोपड़ियाँ जलती हैं।
(13) छोटे घड़े टूटते हैं।
(14) पुत्रियाँ खाँसती हैं।
(15) अभिलाषाएँ बढ़ती हैं।
(16) परीक्षाएँ होती हैं।
(17) सायंकाल शोभता है।
(18) वाणियाँ सिद्ध होती हैं।
(19) नदियाँ सूखती हैं।
(20) महिलाएँ प्रयत्न करती हैं।

(ख) -

(1) श्रद्धा बढ़े।
(2) भूख शान्त होवे।
(3) मदिरा छूटे।
(4) बेटी प्रसन्न हो।
(5) स्त्रियाँ तप करें।
(6) प्रज्ञा सिद्ध हो।
(7) अभिलाषाएँ घटें।
(8) वाणियाँ प्रकट हों।
(9) महिलाएँ उत्साहित हों।
(10) झोपड़ियाँ घटें।

(ग) -

(1) शिक्षा फैलेगी।
(2) अभिलाषाएँ शान्त होंगी।
(3) नदियाँ सूखेंगी।
(4) प्यास लगेगी।
(5) लक्ष्मी कम होगी।
(6) परीक्षाएँ होंगी।
(7) दया फैलेगी।
(8) गुफाएँ नष्ट होंगी।
(9) कन्याएँ देर करेंगी।
(10) बहिनें ठहरेंगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 41

भूतकालिक कृदन्त (कर्तृवाच्य में प्रयोग)

अपभ्रंश में भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। **क्रिया** में निम्नलिखित प्रत्यय लगाकर भूतकालिक कृदन्त बनाए जाते हैं। भूतकालिक कृदन्त शब्द **विशेषण** का कार्य करते हैं। जब अकर्मक क्रियाओं में इस कृदन्त के प्रत्ययों को लगाया जाता है तो इसका प्रयोग **कर्तृवाच्य** में किया जा सकता है। इन शब्दों के रूप कर्ता के अनुसार चलेंगे। कर्ता पुल्लिग, नपुंसकलिंग, स्त्रीलिंग में से जो भी होगा इनके रूप भी उसी के अनुसार बनेंगे। इन कृदन्तों के पुल्लिग में **'देव'** के समान, नपुंसकलिंग में **'कमल'** के समान तथा स्त्रीलिंग में **'कहा'** के अनुसार रूप चलेंगे। भूतकालिक कृदन्त अकारान्त होता है। स्त्रीलिंग बनाने के लिए कृदन्त में **'आ'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, वह शब्द आकारान्त स्त्रीलिंग बन जाता है।

(क) क्रियाएँ

हस = हँसना, **णच्च** = नाचना, **जग्ग** = जागना, **हो** = होना

भूतकालिक कृदन्त के प्रत्यय	हस	णच्च	जग्ग	हो
अ	**हसिअ** = हँसा	**णच्चिअ** = नाचा	**जग्गिअ** = जागा	**होअ** = हुआ
य	**हसिय** = हँसा	**णच्चिय** = नाचा	**जग्गिय** = जागा	**होय** = हुआ

नोट - क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। **'य'** प्रत्यय **'अ'** में बदला जा सकता है।

(1) **वाक्यों में प्रयोग** (कर्ता पुल्लिग) (एकवचन) (कर्तृवाच्य)

नरिंदु, नरिंदो, नरिंद, नरिंदा } **हसिआ/हसिअ/हसिओ/हसिउ** = राजा हँसा।

नरिंदु, नरिंदो, नरिंद, नरिंदा } **होआ/होउ/होओ/होअ** = राजा हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) वाक्यों में प्रयोग (कर्ता पुल्लिग) (बहुवचन) (कर्तृवाच्य)

नरिंद
नरिंदा } **हसिअ/हसिआ** = राजा हँसे।

नरिंद
नरिंदा } **होअ/होआ** = राजा हुए।

(ख) क्रियाएँ

वड्ढ = बढ़ना, विअस = खिलना, हो = होना

भूतकालिक कृदन्त के प्रत्यय	वड्ढ	विअस	हो
अ	**वड्ढिअ** = बढ़ा	**विअसिअ** = खिला	**होअ**= हुआ
य	**वड्ढिय** = बढ़ा	**विअसिय** = खिला	**होय** = हुआ

नोट - क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'इ' हो जाता है। 'य' प्रत्यय 'अ' में बदला जा सकता है।

(1) **वाक्यों में प्रयोग** (कर्ता नपुंसकलिंग) (एकवचन) (कर्तृवाच्य)

कमलु
कमल
कमला } **विअसिउ/विअसिअ/विअसिआ** = कमल खिला।

कमलु
कमल
कमला } **होउ/होआ/होअ** = कमल हुआ।

(2) **वाक्यों में प्रयोग** (कर्ता नपुंसकलिंग) (बहुवचन) (कर्तृवाच्य)

कमल
कमला
कमलइं
कमलाइं } **विअसिअ/विअसिआ/विअसिअइं/विअसिआइं** = कमल खिले।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कमल
कमला
कमलइं
कमलाइं
} होअ/होआ/होअइं/होआइं = कमल हुए।

(ग) क्रियाएँ

उट्ठ = उठना, **सय** = सोना, **ठा** = ठहरना

भूतकालिक कृदन्त के प्रत्यय	उट्ठ	सय	ठा
अ	**उट्ठिअ** = उठा	**सयिअ** = सोया	**ठाअ** = ठहरा
य	**उट्ठिय** = उठा	**सयिय** = सोया	**ठाय** = ठहरा

नोट - क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'इ' हो जाता है। 'य' प्रत्यय 'अ' में बदला जा सकता है।

(1) **वाक्यों में प्रयोग** (कर्ता स्त्रीलिंग) (एकवचन) (कर्तृवाच्य)

ससा
सस
} **उट्ठिअ/उट्ठिआ** = बहिन उठी।

ससा
सस
} **ठाअ/ठाआ** = बहिन ठहरी।

(2) **वाक्यों में प्रयोग** (कर्ता स्त्रीलिंग) (बहुवचन) (कर्तृवाच्य)

ससा
सस
ससाउ
ससउ
ससाओ
ससओ
} **उट्ठिआ/उट्ठिअ/उट्ठिआउ/उट्ठिअउ/ उट्ठिआओ/उट्ठिअओ** = बहिनें उठी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ससा सस ससाउ ससउ ससाओ ससओ	**ठाआ/ठाअ/ठाआउ/ठाअउ/ठाआओ/ठाअओ**	= बहिनें ठहरीं।

नोट- स्त्रीलिंग में प्रयोग करने से पहिले भूतकालिक कृदन्त का स्त्रीलिंग बनाना जरूरी है। 'आ' प्रत्यय जोड़ने से भूतकालिक कृदन्त शब्द स्त्रीलिंग बन जाते हैं। जैसे - उट्ठिअ→**उट्ठिआ**, सयिअ→**सयिआ**, ठाअ→**ठाआ**

इनके रूप **'कहा'** की तरह चलेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 42

वर्तमान कृदन्त

अपभ्रंश में 'हँसता हुआ', 'सोता हुआ', 'नाचता हुआ' आदि भावों को प्रकट करने के लिए वर्तमान कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। **क्रिया** में निम्नलिखित प्रत्यय लगाकर वर्तमान कृदन्त बनाए जाते हैं। वर्तमान कृदन्त **विशेषण** का कार्य करते हैं। अत: इनके **लिंग** (पुल्लिग, नपुंसक, स्त्री), **वचन** (एक, बहु) और **कारक** (कर्ता, कर्म आदि) विशेष्य के अनुसार होंगे। इनके रूप पुल्लिग में **'देव'** के समान, नपुंसकलिंग में **'कमल'** के समान तथा स्त्रीलिंग में **'कहा'** के समान चलेंगे। वर्तमान कृदन्त अकारान्त होता है। स्त्रीलिंग बनाने के लिए कृदन्त में **'आ'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, तो वह शब्द आकारान्त स्त्रीलिंग बन जाता है।

(क) अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **णच्च** = नाचना, **जग्ग** = जागना

वर्तमान कृदन्त के प्रत्यय	हँस	णच्च	जग्ग
न्त	**हसन्त** = हँसता हुआ	**णच्चन्त** = नाचता हुआ	**जग्गन्त** = जागता हुआ
माण	**हसमाण** = हँसता हुआ	**णच्चमाण** = नाचता हुआ	**जग्गमाण** = जागता हुआ

(1) वाक्यों में प्रयोग - विशेष्य : पुल्लिग, एकवचन, प्रथमा विभक्ति (कर्ता कारक) (सभी कालों में)

नरिंदु / नरिंदो / नरिंद / नरिंदा } **हसन्तु/हसन्तो/ हसन्त/हसन्ता** / **हसमाणु/हसमाणो/ हसमाण/हसमाणा** }

(वर्तमानकाल)

उट्ठइ = राजा हँसता हुआ उठता है।

(विधि एवं आज्ञा)

उट्ठउ = राजा हँसता हुआ उठे।

(भूत कृदन्त-भूतकाल)

उट्ठिअ = राजा हँसता हुआ उठा।

(भविष्यत्काल)

उट्ठेसइ = राजा हँसता हुआ उठेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

1. यहाँ वर्तमान कृदन्त के रूप विशेष्य **'नरिंद'** की तरह चले हैं। यहाँ **'नरिंद'** प्रथमा विभक्ति में है, तो कृदन्त भी प्रथमा विभक्ति में रहेगा। यदि **'नरिंद'** द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी आदि विभक्तियों में हो, तो वर्तमान कृदन्त भी उन्हीं विभक्तियों में होगा- हँसते हुए राजा को, हँसते हुए राजा के द्वारा, हँसते हुए राजा के लिए आदि। इन विभक्तियों को आगे समझाया जायेगा।

2. स्त्रीलिंग बनाने के लिए **'ई'** प्रत्यय भी लगाया जाता है। **'हसन्ती, हसमाणी'** फिर इनके रूप **'लच्छी'** की तरह चलेंगे। **'ई'** कारान्त को आगे समझाया जायेगा।

(2) वाक्यों में प्रयोग-विशेष्य : पुल्लिग, बहुवचन, प्रथमा विभक्ति (कर्ता कारक)

(सभी कालों में)

				(वर्तमानकाल)
नरिंद	**हसन्त/हसन्ता**	उट्ठहिं/उट्ठन्ति/आदि	=	राजा हँसते हुए उठते हैं।
				(विधि एवं आज्ञा)
		उट्ठन्तु	=	राजा हँसते हुए उठें।
				(भूतकाल-भूत-कृदन्त)
नरिंदा	**हसमाण/हसमाणा**	उट्ठिअ/उट्ठिआ	=	राजा हँसते हुए उठे।
				(भविष्यत्काल)
		उट्ठेसहिं/उट्ठेसन्ति/आदि	=	राजा हँसते हुए उठेंगे।

(ख) अकर्मक क्रियाएँ

वड्ढ = बढ़ना, **विअस** = खिलना

वर्तमान कृदन्त के प्रत्यय	वड्ढ	विअस
न्त	**वड्ढन्त** = बढ़ता हुआ	**विअसन्त** = खिलता हुआ
माण	**वड्ढमाण** = बढ़ता हुआ	**विअसमाण** = खिलता हुआ

(1) वाक्यों में प्रयोग- **विशेष्य** : नपुंसकलिंग, एकवचन, प्रथमा विभक्ति (कर्ताकारक)

(सभी कालों में)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कमलु कमल कमला	विअसन्तु/विअसन्त विअसन्ता विअसमाणु/विअसमाण/ विअसमाणा	(वर्तमानकाल) सोहइ/आदि = कमल खिलता हुआ शोभता है। (विधि एवं आज्ञा) सोहउ = कमल खिलता हुआ शोभे। (भूतकाल-भूत कृदन्त) सोहिअ/आदि = कमल खिलता हुआ शोभा। (भविष्यत्काल) सोहेइसइ/आदि = कमल खिलता हुआ शोभेगा।

(2) वाक्यों में प्रयोग- विशेष्य : नपुंसकलिंग, बहुवचन, प्रथमा विभक्ति (कर्ताकारक) (सभी कालो में)

कमल कमला कमलइं कमलाइं	विअसन्त/विअसन्ता/ विअसन्तइं/विअसन्ताइं विअसमाण/विअसमाणा/ विअसमाणइं/विअसमाणाइं	(वर्तमानकाल) सोहहिं/सोहन्ति/ आदि = कमल खिलते हुए शोभते हैं। (विधि एवं आज्ञा) सोहन्तु = कमल खिलते हुए शोभें। (भूतकाल-भूत कृदन्त) सोहिअ/सोहिआ/ सोहिअइं/सोहिआइं = कमल खिलते हुए शोभे। (भविष्यत्काल) सोहेसन्ति/आदि = कमल खिलते हुए शोभेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ग) अकर्मक क्रियाएँ

णच्च = नाचना, **सय** = सोना

वर्तमान कृदन्त के प्रत्यय	णच्च	सय
न्त	**णच्चन्त** = नाचता हुआ	**सयन्त** = सोता हुआ
माण	**णच्चमाण** = नाचता हुआ	**सयमाण** = सोता हुआ

(1) वाक्यों में प्रयोग- विशेष्य : स्त्रीलिंग, एकवचन, प्रथमा विभक्ति (कर्ताकारक) (सभी कालों में)

(**नोट** - सर्वप्रथम कृदन्त का स्त्रीलिंग बनाना चाहिए। '**आ**' प्रत्यय जोड़ें - (णच्चन्ता, सयन्ता, णच्चमाणा, सयमाणा) अब इसके रूप '**कहा**' की तरह चलेंगे।)

ससा / सस — **णच्चन्ता/णच्चन्त**, **णच्चमाणा/णच्चमाण**

(वर्तमानकाल)

थक्कइ/आदि = बहिन नाचती हुई थकती है।

(विधि एवं आज्ञा)

थक्कउ = बहिन नाचती हुई थके।

(भूतकाल-भूत कृदन्त)

थक्किआ/थक्किअ = बहिन नाचती हुई थकी।

(भविष्यत्काल)

थक्केसइ/आदि = बहिन नाचती हुई थकेगी।

(2) वाक्यों में प्रयोग - विशेष्य : स्त्रीलिंग, बहुवचन, प्रथमा विभक्ति (कर्ताकारक) (सभी कालों में)

(**नोट** - सर्वप्रथम वर्तमान कृदन्त का स्त्रीलिंग बनाना चाहिए। '**आ**' प्रत्यय जोड़ें- (णच्चन्ता, सयन्ता; णच्चमाणा, सयमाणा) अब इसके रूप '**कहा**' की तरह चलेंगे।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

		(वर्तमानकाल)
		थक्कहिं/आदि = बहिनें नाचती हुई थकती हैं।
ससा		**(विधि एवं आज्ञा)**
सस	**णच्चन्ता/णच्चन्त/**	थक्कन्तु = बहिनें नाचती हुई थकें।
ससाउ	**णच्चन्ताउ/णच्चन्तउ/**	**(भूतकाल-भूतकृदन्त)**
ससउ	**णच्चन्ताओ/णच्चन्तओ**	
ससाआ		थक्किआ/आदि = बहिनें नाचती हुई थकीं।
ससओ		**(भविष्यत्काल)**
		थक्केसहिं/आदि = बहिनें नाचती हुई थकेंगी।

---

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं।
4. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 43

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) -

(1) पुत्र शरमाता हुआ बैठता है। (2) कुत्ता भोंकता हुआ भागता है।
(3) दादा दु:खी होता हुआ सोया। (4) मित्र प्रयत्न करता हुआ प्रसन्न हुआ।
(5) बालक डरता हुआ रोता है। (6) अग्नि जलती हुई नष्ट होती है।
(7) राक्षस काँपते हुए बैठते हैं। (8) समुद्र फैलते हुए सूखेंगे।
(9) पोते लड़ते हुए काँपे। (10) ऊँट नाचते हुए थकते हैं।
(11) पुत्र गिड़गिड़ाता हुआ बैठा। (12) मनुष्य हँसता हुआ जीवे।
(13) पिता खुश होता हुआ प्रयास करे। (14) राक्षस छटपटाता हुआ मरा।
(15) पानी टपकता हुआ सूखा।

(ख) -

(1) लकड़ी जलती हुई नष्ट होती है। (2) नागरिक लोभ करता हुआ जिया।
(3) वैराग्य बढ़ता हुआ शोभता है। (4) विमान उड़ता हुआ गिरा।
(5) राज्य लड़ते हुए नष्ट होते हैं। (6) सदाचार बढ़ता हुआ खिलता है।
(7) शासन भूल करता हुआ डरता है। (8) सत्य सिद्ध होता हुआ शोभेगा।
(9) कर्म गलते हुए छूटते हैं। (10) गठरियाँ लुढ़कती हुई ठहरीं।

(ग) -

(1) पुत्री प्रसन्न होती हुई उठी। (2) श्रद्धा बढ़ती हुई शोभती है।
(3) पत्नी खुरटि भरती हुई सोती है। (4) माता उत्साहित होती हुई बैठती है।
(5) नर्मदा फैलती हुई सूखी। (6) झोपड़ियाँ जलती हुई नष्ट हुईं।
(7) प्रतिष्ठा बढ़ती हुई शोभती है। (8) महिलाएँ अफसोस करती हुई घूमती हैं।
(9) वाणी प्रकट होती हुई सिद्ध हुई। (10) घास जलता हुआ नष्ट हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 44

भूतकालिक कृदन्त (भाववाच्य में प्रयोग)

संज्ञाएँ		सर्वनाम
अकारान्त पुल्लिग	**नरिंद**	हउं (पुरुषवाचक सर्वनाम- उत्तम पुरुष, प्रथमा एकवचन)
अकारान्त नपुंसकलिंग	**कमल**	तुहुं (पुरुषवाचक सर्वनाम- मध्यम पुरुष, प्रथमा एकवचन)
आकारान्त स्त्रीलिंग	**ससा**	सो (पुरुष), सा (स्त्री) (पुरुषवाचक सर्वनाम-अन्य पुरुष, प्रथमा एकवचन)

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **जग्ग** = जागना, **विअस** = खिलना, **वड्ढ** = बढ़ना

(1)	**नपुंसकलिंग एकवचन**	
नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= राजा के द्वारा हँसा गया।
कमलें/कमलेण/कमलेणं	**विअसिअ/विअसिआ/ विअसिउ**	= कमल द्वारा खिला गया।
ससाए/ससए	**जग्गिअ/जग्गिआ/जग्गिउ**	= बहिन के द्वारा जागा गया।
मइं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= मेरे द्वारा हँसा गया।
पइं/तइं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= तुम्हारे द्वारा हँसा गया।
तें/तेण/तेणं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= उसके द्वारा हँसा गया।
ताए/तए	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= उस (स्त्री) के द्वारा हँसा गया।
(2)	**नपुंसकलिंग एकवचन**	
नरिंदहिं/नरिंदाहिं/ नरिंदेहिं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= राजाओं के द्वारा हँसा गया।
कमलहिं/कमलाहिं/ कमलेंहि	**विअसिअ/विअसिआ विअसिउ**	= कमलों द्वारा खिला गया।
ससाहिं/ससहिं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= बहिनों द्वारा हँसा गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

म्हेहिं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= हमारे द्वारा हँसा गया।
म्हेहिं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= तुम्हारे द्वारा हँसा गया।
हिं/ताहिं/तेहिं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= उनके द्वारा हँसा गया।
ाहिं/तहिं	**हसिअ/हसिआ/हसिउ**	= उन (स्त्रियों) के द्वारा हँसा गया।

(क) नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं (अकारान्त पुल्लिग-तृतीया एकवचन)

कमलें/कमलेण/कमलेणं (अकारान्त नपुंसकलिंग-तृतीया एकवचन)

ससाए/ससए (आकारान्त स्त्रीलिंग-तृतीया एकवचन)

मइं (उत्तम पुरुष सर्वनाम-तृतीया एकवचन (पुल्लिग-स्त्रीलिंग)।

पइं/तइं (मध्यम पुरुष सर्वनाम-तृतीया एकवचन (पुल्लिग-स्त्रीलिंग)।

तें/तेण/तेणं (अन्य पुरुष सर्वनाम-तृतीया एकवचन(पुल्लिग)।

ताए/तए (अन्य पुरुष सर्वनाम-तृतीया एकवचन (स्त्रीलिंग)।

तृतीया एकवचन बनाने के लिए अकारान्त पुल्लिग और नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों में **एं, ण,** और **णं** प्रत्यय जोड़े जाते हैं, **ण** और **णं** जोड़ने पर अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है (नरिंदें, नरिंदेण, नरिंदेणं), (कमलें, कमलेण, कमलेणं)। आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के एकवचन में **'ए'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। **'ए'** प्रत्यय जोड़ने पर अन्त्य **'आ' 'अ'** भी हो जाता है (ससाए, ससए)। अन्य पुरुष सर्वनाम के लिए यही नियम समझ लेना चाहिए। बाकी उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष सर्वनाम को इसी प्रकार याद कर लेना चाहिए।

(ख) तृतीया बहुवचन बनाने के लिए अकारान्त पुल्लिग और नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों में तथा आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में **'हिं'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, **'हिं'** जोड़ने पर अकारान्त शब्दों का अन्त्य **'अ', 'ए'** भी हो जाता है तथा **'आ'** भी हो जाता है (नरिंदहिं, नरिंदेहिं, नरिंदाहिं; कमलहिं, कमलेहिं, कमलाहिं)।

तृतीया बहुवचन बनाने के लिए उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष और अन्य पुरुष के सर्वनामों में भी **'हिं'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। तीनों पुरुषों में 'हिं'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जोड़ने पर अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है और केवल अन्य पुरुष में अ
'अ' का **'आ'** तथा **'आ'** का **'अ'** भी हो जाता है। (अम्ह→अम्हे
तुम्ह→तुम्हेहिं, त→तेहिं/तहिं/ताहिं, ता→ताहिं/तहिं)।

2. यदि क्रिया अकर्मक होती है तो भूतकालिक कृदन्त भाववाच्य में भी प्र
होता है। भूतकालिक कृदन्त से भाववाच्य बनाने के लिए कर्ता में तृती
(एकवचन अथवा बहुवचन) तथा कृदन्त में सदैव **नपुंसकलिंग प्रथ
एकवचन** ही रहेगा।

3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं तथा सभी वाक्य भाववाच्य के हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 45

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(1) पानी द्वारा झरा गया। (2) बादलों द्वारा गरजा गया। (3) मित्र द्वारा प्रसन्न हुआ गया। (4) अपयश द्वारा फैला गया। (5) समुद्रों द्वारा सूखा गया। (6) अग्नि द्वारा जला गया। (7) मृत्यु द्वारा भागा गया। (8) हमारे द्वारा काँपा गया। (9) तुम्हारे द्वारा घूमा गया। (10) उसके द्वारा खेला गया। (11) विमान द्वारा उड़ा गया। (12) गठरी द्वारा लुढ़का गया। (13) लकड़ियों द्वारा जला गया। (14) बीजों द्वारा उगा गया। (15) मनुष्य द्वारा जन्म लिया गया। (16) कुत्तों द्वारा भोंका गया। (17) कुओं द्वारा सूखा गया। (18) राक्षस द्वारा मरा गया। (19) रत्नों द्वारा शोभा गया। (20) सिंहों द्वारा गरजा गया। (21) परीक्षा द्वारा हुआ गया। (22) कन्याओं द्वारा छिपा गया। (23) महिलाओं द्वारा शान्त हुआ गया। (24) बेटी द्वारा खांसा गया। (25) प्रतिष्ठा द्वारा कम हुआ गया। (26) बुढ़ापे द्वारा बढ़ा गया। (27) सुख द्वारा गला गया। (28) धान द्वारा पैदा हुआ गया। (29) भूख द्वारा लगा गया। (30) राज्यों द्वारा लड़ा गया। (31) उनके द्वारा थका गया। (32) तुम्हारे द्वारा डरा गया। (33) उन (स्त्रियों) द्वारा खेला गया। (34) तुम दोनों के द्वारा नहाया गया। (35) उस (स्त्री) के द्वारा खुश हुआ गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 46

अकर्मक क्रियाएँ (भाववाच्य में प्रयोग)

संज्ञाएँ		सर्वनाम
अकारान्त पुल्लिग	**नरिंद**	**हउं** (पुरुषवाचक सर्वनाम- उत्तम पुरुष, प्रथमा एकवच
अकारान्त नपुंसकलिंग	**कमल**	
आकारान्त स्त्रीलिंग	**ससा**	**तुहुं** (पुरुषवाचक सर्वनाम- मध्यम पुरुष, प्रथमा एकवच
		सो (पुरुष) (पुरुषवाचक सर्वनाम अन्य पुरुष, प्रथमा एकवच
		सा (स्त्री) (पुरुषवाचक सर्वनाम- अन्य पुरुष, प्रथमा एकवच

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **जग्ग** = जागना, **वड्ढ** = बढ़ना, **विअस** = खिल

उपर्युक्त क्रियाएँ अकर्मक हैं। अकर्मक क्रियाएँ कर्तृवाच्य और भाववाच्य में प्र होती हैं। अकर्मक क्रिया से भाववाच्य बनाने के लिए **'इज्ज'**, **'इय'** प्रत्यय जोड़े जाते भाववाच्य में कर्ता में तृतीया (एकवचन अथवा बहुवचन) हो जाता है और क्रिया में भाववा के प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् **'अन्य पुरुष एकवचन'** का प्रत्यय भी लगा दिया जाता भाववाच्य वर्तमानकाल तथा विधि एवं आज्ञा में बनाया जाता है। भविष्यत्काल में क्रि का भविष्यत्काल कर्तृवाच्य का रूप ही रहता है। भूतकाल के लिए भूतकालिक कृदन्त प्रयोग भाववाच्य में किया जाता है।

भाववाच्य के प्रत्यय	हस	जग्ग	वर्तमानकाल	विधि एवं आ
इज्ज	हसिज्ज	जग्गिज्ज	हसिज्जइ, हसियइ	हसिज्जउ, हसियउ
इअ (इय)	हसिअ(य)	जग्गिय(अ)	जग्गिज्जइ, जग्गियइ	जग्गिज्जउ, जग्गियउ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकवचन	वर्तमानकाल	
नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= राजा के द्वारा हँसा जाता है।
कमलें/कमलेण/कमलेणं	**विअसिज्जइ/विअसियइ**	= कमल द्वारा खिला जाता है।
ससाए/ससए	**जग्गिज्जइ/जग्गियइ**	= बहिन द्वारा जागा जाता है।
मइं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= मेरे द्वारा हँसा जाता है।
पइं/तइं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाता है।
तें/तेण/तेणं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= उसके द्वारा हँसा जाता है।
ताए/तए	**हसिज्जइ/हसियइ**	= उस (स्त्री) के द्वारा हँसा जाता है।
	विधि एवं आज्ञा	
नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= राजा के द्वारा हँसा जाए।
कमलें/कमलेण/कमलेणं	**विअसिज्जउ/विअसियउ**	= कमल द्वारा खिला जाए।
ससाए/ससए	**जग्गिज्जउ/जग्गियउ**	= बहिन के द्वारा जागा जाए।
मइं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= मेरे द्वारा हँसा जाए।
पइं/तइं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाए।
तें/तेण/तेणं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= उसके द्वारा हँसा जाए।
ताए/तए	**हसिज्जउ/हसियउ**	= उस (स्त्री) के द्वारा हँसा जाए।
	भविष्यत्काल	
नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं	**हसेसइ/आदि**	= राजा के द्वारा हँसा जायेगा
कमलें/कमलेण/कमलेणं	**विअसेसइ/आदि**	= कमल द्वारा खिला जायेगा
ससाए/ससए	**जग्गेसइ/आदि**	= बहिन द्वारा जागा जायेगा।
मइं	**हसेसइ/आदि**	= मेरे द्वारा हँसा जायेगा।
पइं/तइं	**हसेसइ/आदि**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जायेगा।
तें/तेण/तेणं	**हसेसइ/आदि**	= उसके द्वारा हँसा जायेगा।
ताए/तए	**हसेसइ/आदि**	= उस (स्त्री) के द्वारा हँसा जायेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बहुवचन	वर्तमानकाल	
नरिंदहिं/नरिंदाहिं/नरिंदेहिं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= राजाओं के द्वारा हँसा जाता है।
कमलहिं/कमलाहिं/कमलेहिं	**विअसिज्जइ/विअसियइ**	= कमलों द्वारा खिला जाता है।
ससाहिं/ससहिं	**जग्गिज्जइ/जग्गियइ**	= बहिनों द्वारा जागा जाता है।
अम्हेहिं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= हमारे द्वारा हँसा जाता है।
तुम्हेहिं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाता है।
तहिं/ताहिं/तेहिं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= उनके द्वारा हँसा जाता है।
ताहिं/तहिं	**हसिज्जइ/हसियइ**	= उन (स्त्रियों) के द्वारा हँसा जाता है।
	विधि एवं आज्ञा	
नरिंदहिं/नरिंदाहिं/नरिंदेहिं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= राजाओं द्वारा हँसा जाए।
कमलहिं/कमलाहिं/कमलेहिं	**विअसिज्जउ/विअसियउ**	= कमलों द्वारा खिला जाए।
ससाहिं/ससहिं	**जग्गिज्जउ/जग्गियउ**	= बहिनों द्वारा जागा जाए।
अम्हेहिं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= हमारे द्वारा हँसा जाए।
तुम्हेहिं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाए।
तहिं/ताहिं/तेहिं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= उनके द्वारा हँसा जाए।
ताहिं/तहिं	**हसिज्जउ/हसियउ**	= उन (स्त्रियों) के द्वारा हँसा जाए।
	भविष्यत्काल	
नरिंदहिं/नरिंदाहिं/नरिंदेहिं	**हसेसइ/आदि**	= राजाओं के द्वारा हँसा जायेगा।
कमलहिं/कमलाहिं/कमलेहिं	**विअसेसइ/आदि**	= कमलों द्वारा खिला जायेगा।
ससाहिं/ससहिं	**जग्गेसइ/आदि**	= बहिनों द्वारा जागा जायेगा।
अम्हेहिं	**हसेसइ/आदि**	= हमारे द्वारा हँसा जायेगा।
तुम्हेहिं	**हसेसइ/आदि**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जायेगा।
तहिं/ताहिं/तेहिं	**हसेसइ/आदि**	= उनके द्वारा हँसा जायेगा।
ताहिं/तहिं	**हसेसइ/आदि**	= उन (स्त्रियों) के द्वारा हँसा जायेगा।

---

1. (क) पाठ 43 का 1 (क) देखें।
1. (ख) पाठ 43 का 1 (ख) देखें।
2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ अकर्मक हैं तथा सभी वाक्य भाववाच्य के हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 47

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(1) विमानों द्वारा उड़ा जाता है। (2) पानी द्वारा झरा जाता है। (3) मित्र द्वारा प्रसन्न हुआ जाता है। (4) समुद्रों द्वारा सूखा जाता है। (5) अग्नि द्वारा जला जाता है। (6) हमारे द्वारा काँपा जाता है। (7) उसके द्वारा खेला जाता है। (8) गठरी द्वारा लुढ़का जाता है। (9) सिंहों द्वारा गर्जा जाता है। (10) कन्याओं द्वारा छिपा जाता है। (11) उनके द्वारा खेला जाए। (12) मनुष्यों द्वारा जन्म लिया जाए। (13) महिलाओं द्वारा शान्त हुआ जाए। (14) राज्यों द्वारा लड़ा जाए। (15) पुत्रियों द्वारा थका जाए। (16) माता द्वारा खुश हुआ जाए। (17) शिक्षा द्वारा फैला जाए। (18) श्रद्धा द्वारा बढ़ा जाए। (19) परीक्षा द्वारा हुआ जाए। (20) उन (स्त्रियों) के द्वारा शरमाया जाए। (21) विमान द्वारा उड़ा जायेगा। (22) राज्यों के द्वारा लड़ा जायेगा। (23) उनके द्वारा उछला जायेगा। (24) कुत्तों के द्वारा भोंका जायेगा। (25) बीजों के द्वारा उगा जायेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 48

विधि कृदन्त (भाववाच्य में प्रयोग)

अपभ्रंश में 'हँसा जाना चाहिए', 'जागा जाना चाहिए' आदि भावों को प्रकट करने के लिए विधि कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। **क्रिया** में निम्नलिखित प्रत्यय लगाकर विधि कृदन्त बनाए जाते हैं। अपभ्रंश में दो प्रकार के विधि कृदन्त के प्रत्यय पाए जाते हैं - (1) **अव्व (परिवर्तनीय रूप)** (2) **इएव्वउं, एव्वउं, एवा (अपरिवर्तनीय रूप)**। प्रथम प्रकार के विधि कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग करने के लिए कर्ता में तृतीया (एकवचन अथवा बहुवचन) तथा कृदन्त में सदैव **नपुंसकलिंग प्रथमा एकवचन** ही रहेगा। विधि कृदन्त का यह रूप **'कमल'** (नपुंसकलिंग) शब्द की तरह चलेगा। दूसरे प्रकार के विधि कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग करने के लिए भी कर्ता में तो तृतीया (एकवचन अथवा बहुवचन) होगा, किन्तु कृदन्त में कोई परिवर्तन नहीं होगा। विधि कृदन्त कर्तृवाच्य में प्रयुक्त नहीं होता है।

संज्ञाएँ		सर्वनाम
अकाग्रन्त पुल्लिग	**नरिंद**	**हउं** (पुरुषवाचक सर्वनाम- उत्तम पुरुष (प्रथमा एकवचन)।
अकारान्त नपुंसकलिंग	**कमल**	**तुहुं** (पुरुषवाचक सर्वनाम- मध्यम पुरुष (प्रथमा एकवचन)।
आकारान्त स्त्रीलिंग	**ससा**	**सो** (पुरुष), **सा** (स्त्री) (पुरुषवाचक सर्वनाम-अन्य पुरुष (प्रथमा एकवचन)

अकर्मक क्रियाएँ

हस = हँसना, **जग्ग** = जागना, **विअस** = खिलना

विधि कृदन्त के प्रत्यय	हस	जग्ग	विअस
(1) अव्व	हसिअव्व / हसेअव्व	जग्गिअव्व / जग्गेअव्व	विअसिअव्व / विअसेअव्व
(2) इएव्वउं	हसिएव्वउं	जग्गिएव्वउं	विअसिएव्वउं
एव्वउं	हसेव्वउं	जग्गेव्वउं	विअसेव्वउं
एवा	हसेवा	जग्गेवा	विअसेवा

नोट - **'अव्व'** प्रत्यय लगने के पश्चात् अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) विधि कृदन्त के परिवर्तनीय रूप

नपुंसकलिंग एकवचन

नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं	हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु	= राजा के द्वारा हँसा जाना चाहिए।
कमलें/कमलेण/कमलेणं	विअसिअव्व/विअसिअव्वा/विअसिअव्वु विअसेअव्व/विअसेअव्वा/विअसेअव्वु	= कमल के द्वारा खिला जाना चाहिए।
ससाए/ससए	जग्गिअव्व/जग्गिअव्वा/जग्गिअव्वु जग्गेअव्व/जग्गेअव्वा/जग्गेअव्वु	= बहिन के द्वारा जागा जाना चाहिए।
मइं	हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु	= मेरे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
पइं/तइं	हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
तें/तेण/तेणं	हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु	= उसके द्वारा हँसा जाना चाहिए।
ताए/तए	हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु	= उस (स्त्री) के द्वारा हँसा जाना चाहिए।

(2) विधि कृदन्त के अपरिवर्तनीय रूप

नरिंदें/नरिंदेण/नरिंदेणं	हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा	= राजा के द्वारा हँसा जाना चाहिए।
कमलें/कमलेण/कमलेणं	विअसिएव्वउं/विअसेव्वउं/विअसेवा	= कमल के द्वारा खिला जाना चाहिए।
ससाए/ससए	जग्गिएव्वउं/जग्गेव्वउं/जग्गेवा	= बहिन के द्वारा जागा जाना चाहिए।
मइं	हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा	= मेरे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
पइं/तइं	हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तें/तेण/तेणं	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= उसके द्वारा हँसा जाना चाहिए।
ताए/तए	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= उस (स्त्री) के द्वारा हँसा जाना चाहिए।

(1) विधि कृदन्त के परिवर्तनीय रूप
नपुंसकलिंग एकवचन

नरिंदहिं/नरिंदाहिं/नरिंदेहिं	**हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु** **हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु**	= राजाओं के द्वारा हँसा जाना चाहिए।
कमलहिं/कमलाहिं/कमलेहिं	**विअसिअव्व/विअसिअव्वा/विअसिअव्वु** **विअसेअव्व/विअसेअव्वा/विअसेअव्वु**	= कमलों के द्वारा खिला जाना चाहिए।
ससाहिं/ससहिं	**जग्गिअव्व/जग्गिअव्वा/जग्गिअव्वु** **जग्गेअव्व/जग्गेअव्वा/जग्गेअव्वु**	= बहिनों के द्वारा जागा जाना चाहिए।
अम्हेहिं	**हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु** **हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु**	= हमारे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
तुम्हेहिं	**हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु** **हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
तहिं/ताहिं/तेहिं	**हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु** **हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु**	= उनके द्वारा हँसा जाना चाहिए।
ताहिं/तहिं	**हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु** **हसेअव्व/हसेअव्वा/हसेअव्वु**	= उन (स्त्रियों) के द्वारा हँसा जाना चाहिए।

(2) विधि कृदन्त के अपरिवर्तनीय रूप

नरिंदहिं/नरिंदाहिं/नरिंदेहिं	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= राजाओं के द्वारा हँसा जाना चाहिए।
कमलहिं/कमलाहिं/कमलेहिं	**विअसिएव्वउं/विअसेव्वउं/विअसेवा**	= कमलों द्वारा खिला जाना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ससाहिं/ससहिं	**जग्गिएव्वउं/जग्गेव्वउं/जग्गेवा**	= बहिनों द्वारा जागा जाना चाहिए।
अम्हेहिं	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= हमारे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
तुम्हेहिं	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= तुम्हारे द्वारा हँसा जाना चाहिए।
तहिं/ताहिं/तेहिं	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= उनके द्वारा हँसा जाना चाहिए।
ताहिं/तहिं	**हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा**	= उन (स्त्रियों) के द्वारा हँसा जाना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 49

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(1) राज्य द्वारा लड़ा जाना चाहिए। (2) श्रद्धा द्वारा बढ़ा जाना चाहिए। (3) उनके द्वारा खेला जाना चाहिए। (4) माता द्वारा खुश हुआ जाना चाहिए। (5) मनुष्यों द्वारा जन्म लिया जाना चाहिए। (6) उन (स्त्रियों) द्वारा शरमाया जाना चाहिए। (7) कुत्ते द्वारा भोंका जाना चाहिए। (8) स्त्रियों द्वारा नाचा जाना चाहिए। (9) कन्याओं द्वारा छिपा जाना चाहिए। (10) मित्रों द्वारा प्रसन्न हुआ जाना चाहिए। (11) अग्नि द्वारा जला जाना चाहिए। (12) सूर्य द्वारा उगा जाना चाहिए। (13) सिंह द्वारा गरजा जाना चाहिए। (14) उसके द्वारा खेला जाना चाहिए। (15) मेरे द्वारा कूदा जाना चाहिए। (16) तुम दोनों के द्वारा उत्साहित हुआ जाना चाहिए। (17) हमारे द्वारा डरा जाना चाहिए। (18) राक्षस द्वारा मरा जाना चाहिए। (19) बीजों द्वारा उगा जाना चाहिए। (20) विमान द्वारा उड़ा जाना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 50

संज्ञा - सर्वनाम द्वितीया-एकवचन

(सकर्मक क्रियाएँ)

	संज्ञाएँ	द्वितीया एकवचन
अकारान्त पुल्लिग	**नरिंद** = राजा,	नरिंद/नरिंदा/नरिंदु
	करह = ऊँट,	करह/करहा/करहु
	परमेसर = परमेश्वर,	परमेसर/परमेसरा/परसेसरु
अकारान्त नपुंसकलिंग	**भोयण** = भोजन,	भोयण/भोयणा/भोयणु
	तिण = घास,	तिण/तिणा/तिणु
	रज्ज = राज्य,	रज्ज/रज्जा/रज्जु
आकारान्त स्त्रीलिंग	**माया** = माता,	माया/माय
	कहा = कथा,	कहा/कह
	सिक्खा = शिक्षा	सिक्खा/सिक्ख

सकर्मक क्रियाएँ

रक्ख = रक्षा करना, **पाल** = पालना, **सुण** = सुनना,
चर = चरना, **पणम** = प्रणाम करना,
जाण = जानना, समझना **खा** = खाना

(1) **अकारान्त पुल्लिग** **वर्तमानकाल**
(द्वितीया एकवचन)

नरिंदु
नरिंदो
नरिंद
नरिंदा
} **परमेसर/परमेसरा/परमेसरु** पणमइ = राजा पमरेश्वर को प्रणाम करता है।

रज्ज
रज्जा
रज्जु
} **नरिंद/नरिंदा/नरिंदु** रक्खइ = राज्य राजा की रक्षा करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माया } नरिंद/नरिंदा/नरिंदु पणमइ = माता राजा को प्रणाम करती है।
माय

(2) अकारान्त नपुंसकलिंग (द्वितीया एकवचन) **वर्तमानकाल**

करहु / करहो / करह / करहा } **तिण/तिणा/तिणु** चरइ = ऊँट घास चरता है।

नरिंदु / नरिंदो / नरिंद / नरिंदा } **रज्ज/रज्जा/रज्जु** रक्खइ = राजा राज्य की रक्षा करता है।

माया / माय } **भोयण/भोयणा/भोयणु** खाइ = माता भोजन खाती है।

(3) आकारान्त स्त्रीलिंग (द्वितीया एकवचन) **वर्तमानकाल**

नरिंदु / नरिंदो / नरिंद / नरिंदा } **माया/माय** पणमइ = राजा माता को प्रणाम करता है।

रज्ज / रज्जा / रज्जु } **सिक्खा/सिक्ख** जाणइ = राज्य शिक्षा को समझता है।

माया / माय } **कहा/कह** सुणइ = माता कथा सुनती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वनाम शब्द द्वितीया एकवचन

(4)	हउं	**पइं/तइं**	पणमउं/आदि	= मैं तुमको प्रणाम करता हूँ।
	तुहुं	**मइं**	पालहि/आदि	= तुम मुझको पालते हो।
	सो	**तं**	जाणइ/आदि	= वह उस(पुरुष) को जानता है।
	सा	**तं**	जाणइ/आदि	= वह उस (स्त्री) को जानती है।
	सो	**तं**	रक्खइ/आदि	= वह उस (राज्य) की रक्षा करता है।

---

1. (1) अकारान्त पुल्लिग संज्ञा शब्दों से **द्वितीया एकवचन** बनाने के लिए **'0'**, **0→आ, उ** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - **नरिंद, नरिंदा, नरिंदु**।

   (2) अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों से द्वितीया एकवचन बनाने के लिए **'0'**, **0→आ, उ** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - **रज्ज, रज्जा, रज्जु**।

   (3) आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों से द्वितीया एकवचन बनाने के लिए **'0'**, **0→अ** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - **माया, माय**।

   (4) उत्तम पुरुष सर्वनाम का द्वितीया एकवचन होगा - **मइं**। देखें पृ. स. 184
   मध्यम पुरुष सर्वनाम का द्वितीया एकवचन होगा - **पइं/तइं**। पृ. सं. 184
   अन्य पुरुष (पुल्लिग, स्त्री, नपुं.) सर्वनाम का द्वितीया एकवचन होगा - **तं**।
   पृष्ठ संख्या 172

2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ सकर्मक हैं। सकर्मक क्रिया वह होती है, जिसमें कर्ता की क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है। जैसे - 'माता कथा सुनती है', इसमें कर्ता 'माता' की क्रिया 'सुनना' है। इसका प्रभाव 'कथा' पर पड़ता है, क्योंकि 'कथा' सुनी जाती है। अत: 'सुनना' क्रिया का कर्म 'कथा' है।

3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं। इनमें कर्ता के अनुसार क्रियाओं के पुरुष और वचन होते हैं। संज्ञा-वाक्यों में कर्ता अन्य पुरुष एकवचन में है, अत: क्रियाएँ भी अन्य पुरुष एकवचन की ही लगी हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 51

संज्ञा - सर्वनाम द्वितीया बहुवचन

सकर्मक क्रियाएँ

(1) संज्ञा

	संज्ञाएँ	द्वितीया बहुवचन
अकारान्त पुल्लिग	**नरिंद** = राजा,	नरिंद/नरिंदा
	करह = ऊँट,	करह/करहा
	परमेसर = परमेश्वर,	परमेसर/परमेसरा
अकारान्त नपुंसकलिंग	**भोयण** = भोजन,	भोयण/भोयणा/भोयणइं/भोयणाइं
	तिण = घास,	तिण/तिणा/तिणइं/तिणाइं
	रज्ज = राज्य,	रज्ज/रज्जा/रज्जइं/रज्जाइं
आकारान्त स्त्रीलिंग	**माया** = माता,	माया/माय/मायाउ/ मायउ/मायाओ/मायओ
	कहा = कथा,	कहा/कह/कहाउ/कहउ/ कहाओ/कहओ
	सिक्खा = शिक्षा	सिक्खा/सिक्ख/सिक्खाउ/ सिक्खउ/सिक्खाओ/सिक्खओ

सकर्मक क्रियाएँ

रक्ख = रक्षा करना, **पाल** = पालना, **सुण** = सुनना,
चर = चरना, **पणम** = प्रणाम करना, **जाण** = जानना, समझना
खा = खाना

(1) अकारान्त पुल्लिग (द्वितीया बहुवचन) **वर्तमानकाल**

नरिंदु, नरिंदो, नरिंद, नरिंदा } **परमेसर/परमेसरा** पणमइ/आदि = राजा पमरेश्वरों (सिद्धों) को प्रणाम करता है।

रज्ज, रज्जा, रज्जु } **नरिंद/नरिंदा** रक्खइ/आदि = राज्य राजाओं की रक्षा करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माया, माय } **नरिंद/नरिंदा** पणमइ/आदि = माता राजाओं को प्रणाम करती है।

(2) अकारान्त नपुंसकलिंग (द्वितीया बहुवचन) **वर्तमानकाल**

करहु, करहो, करह, करहा } **तिण/तिणा/तिणइं/तिणाइं** चरइ = ऊँट (विभिन्न प्रकार के) घास चरता है।

नरिंदु, नरिंदो, नरिंद, नरिंदा } **रज्ज/रज्जा/रज्जइं/रज्जाइं** रक्खइ = राजा राज्यों की रक्षा करता है।

माया, माय } **भोयण/भोयणा/भोयणइं/भोयणाइं** खाइ = माता (विभिन्न प्रकार के) भोजन खाती है।

(3) आकारान्त स्त्रीलिंग (द्वितीया बहुवचन) **वर्तमानकाल**

नरिंदु, नरिंदो, नरिंद, नरिंदा } **माया/माय/मायाउ/मायउ/ मायाओ/मायओ** पणमइ = राजा माताओं को प्रणाम करता है।

रज्ज, रज्जा, रज्जु } **सिक्खा/सिक्ख/सिक्खाउ/ सिक्खउ/सिक्खाओ/सिक्खओ** जाणइ = राज्य शिक्षाओं को समझता है।

माया, माय } **कहा/कह/कहाउ/कहउ/ कहाओ/कहओ** सुणइ = माता कथाओं को सुनती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) सर्वनाम द्वितीया बहुवचन

(4)	हउं	**तुम्हे/तुम्हइं**	पणमउं/आदि	= मैं तुम (सब) को प्रणाम करता हूँ।
	तुहुं	**अम्हे/अम्हइं**	पालहि/आदि	= तुम हम (सब) को पालते हो।
	सो	**त/ता**	जाणइ	= वह उन(पुरुषों) को जानता है।
	सा	**ता/त/ताउ/तउ/ताओ/तओ**	जाणइ	= वह उन (स्त्रियों) को जानती है।
	सो	**त/ता/तइं/ताइं**	रक्खइ	= वह उन (राज्यों) की रक्षा करता है।

---

1. (1) अकारान्त पुल्लिग संज्ञा शब्दों से **द्वितीया बहुवचन** बनाने के लिए **'0', 0→आ** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - परमेसर, परमेसरा।

   (2) अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों से **द्वितीया बहुवचन** बनाने के लिए **'0', 0→आ, 'इ', 'इं'→आइं** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - रज्ज, रज्जा, रज्जइं, रज्जाइं।

   (3) आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों से **द्वितीया बहुवचन** बनाने के लिए **'0', 0→अ, 'उ', उ→अउ, 'ओ', ओ→अओ** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - माया, माय, मायाउ, मायउ, मायाओ, मायओ।

   (4) उत्तम पुरुष सर्वनाम का **द्वितीया बहुवचन** होगा - अम्हे/अम्हइं।
   मध्यम पुरुष सर्वनाम का **द्वितीया बहुवचन** होगा - तुम्हे/तुम्हइं।
   अन्य पुरुष सर्वनाम का **द्वितीया बहुवचन** होगा - (पुल्लिग) त/ता।
   (नपुंसकलिंग) त/ता/तइं/ताइं।
   (स्त्रीलिंग) ता/त/ताउ/तउ/ताओ/तओ।

2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ सकर्मक हैं।

3. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्तृवाच्य में हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 52

सकर्मक क्रियाएँ

अभ्यास

1. निम्नलिखित सकर्मक क्रियाओं को कर्तृवाच्य में प्रयोग कीजिए। यह प्रयोग वर्तमानकाल, भविष्यत्काल तथा विधि एवं आज्ञा में हो। कर्ता के स्थान पर पुरुषवाचक सर्वनाम का प्रयोग कीजिए।

अच्च = पूजा करना,
रोक्क = रोकना,
उग्घाड = खोलना, प्रकट करना,
उपकर = उपकार करना,
उप्पाड = उपाड़ना, उन्मूलन करना,
कट्ट = काटना,
कलंक = कलंकित करना,
कुट्ट = कूटना,
कोक = बुलाना,
खण = खोदना,
छोड = छोड़ना,
छोल्ल = छीलना,
जिम = जीमना,
ढक्क = ढकना,
तोड = तोड़ना,
गरह = निन्दा करना
गवेस = खोज करना
घाल = डालना
चक्ख = चखना
चप्प = चबाना
चिण = चुनना
चोप्पड = स्निग्ध करना
छंड = छोड़ना
छल = ठगना
छुअ = स्पर्श करना
देख = देखना
धो = धोना
पीस = पीसना
पुक्कर = पुकारना
फाड = फाड़ना

2. निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) -

(1) पिता पुत्र की निन्दा करता है।
(2) दादा पोते को बुलाता है।
(3) परमेश्वर संसार को देखता है।
(4) देवर वस्त्र धोता है।
(5) राजा गर्व को छोड़े।
(6) मित्र उसको पुकारे।
(7) राम परमेश्वर की पूजा करे।
(8) कुत्ता राक्षस को रोकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(9) राजा रत्नों की खोज करता है।
(10) मनुष्य व्रतों को छोड़ते हैं।
(11) वह बालक को ठगता है।
(12) तुम सिंह को देखते हो।
(13) मैं उसको स्पर्श करता हूँ।
(14) वे उनको कलंकित करते हैं।
(15) वह वस्त्रों को फाड़ता है।
(16) दु:ख सुख को रोकता है।
(17) मित्र सिंहों को देखता है।
(18) मामा शास्त्रों को स्पर्श करता है।
(19) हनुमान उसका उपकार करता है।
(20) हम सूर्य को ढकते हैं।

(ख) -

(1) वह खेत खोदेगा।
(2) तुम भोजन जीमोगे।
(3) वह लकड़ी छीले।
(4) मैं घी डालूँगा।
(5) वह भोजन चबाए।
(6) तुम दूध चखो।
(7) वे गठरी काटेंगे।
(8) हम धान कूटेंगे।
(9) वे जंगल काटते हैं।
(10) वह बीजों को पीसता है।

(ग) -

(1) राम सीता को बुलाता है।
(2) मैं कन्या को पुकारता हूँ।
(3) महिला गड्ढा खोदती है।
(4) बहिन पुत्रियों को देखती है।
(5) कन्या छोटे घड़े को उघाड़ती है।
(6) पत्नी गड्ढे को ढकती है।
(7) हम गंगा की पूजा करते हैं।
(8) भूख प्यास को रोकती है।
(9) तृष्णा निद्रा को काटती है।
(10) वह मदिरा छोड़े।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 53

सकर्मक क्रियाएँ (कर्मवाच्य में प्रयोग)

सकर्मक क्रियाएँ

कोक = बुलाना,	**सुण** = सुनना,	**देख** = देखना
पणम = प्रणाम करना,	**रक्ख** = रक्षा करना,	**पाल** = पालना

उपर्युक्त क्रियाएँ सकर्मक हैं। सकर्मक क्रियाएँ कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य में प्रयुक्त होती हैं। सकर्मक क्रिया से कर्मवाच्य बनाने के लिए वे ही प्रत्यय जोड़े जाते हैं जो भाववाच्य बनाने के लिए जोड़े गए थे (पाठ 45- इज्ज, इअ (इय))। कर्ता में तृतीया (एकवचन अथवा बहुवचन) हो जाता है, कर्म में द्वितीया (एकवचन अथवा बहुवचन) के स्थान पर प्रथमा (एकवचन अथवा बहुवचन) तथा क्रिया में कर्मवाच्य के प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् (प्रथमा में परिवर्तित) कर्म के अनुसार **क्रिया** में पुरुष और वचन के प्रत्यय काल के अनुरूप जोड़ दिए जाते हैं। कर्मवाच्य सकर्मक क्रिया से वर्तमानकाल तथा विधि एवं आज्ञा में बनाया जाता है। भविष्यत्काल में क्रिया का भविष्यत्काल कर्तृवाच्य का रूप ही रहता है उसमें **इज्ज** और **इय** प्रत्यय नहीं लगाए जाते हैं। भूतकाल के लिए भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग कर्मवाच्य में किया जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्तृवाच्य

वर्तमानकाल एकवचन

कर्ता-प्रथमा	कर्म-द्वितीया	क्रिया-कर्ता के अनुसार
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	**मइं**	कोकइ/आदि = राजा मुझको बुलाता है।
नरिंदु नरिंदा नरिंद नरिंदो	**पइं/तइं**	कोकइ/आदि = राजा तुमको बुलाता है।
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	**तं**	कोकइ/आदि = राजा उसको (पु.) बुलाता है।
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	**तं**	कोकइ/आदि = राजा उसको (स्त्री.) बुलाता है
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	**तं**	रक्खइ/आदि = राजा उस (राज्य) की रक्षा करता है
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	**कहा/कह**	सुणइ/आदि = राजा कथा सुनता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मवाच्य

वर्तमानकाल एकवचन

कर्ता-तृतीया	कर्म-प्रथमा	क्रिया-परिवर्तित कर्म के अनुसार
नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	हउं	**कोकिज्जउं/कोकियउं/** = राजा के द्वारा मैं बुलाया जाता हूँ। आदि
नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	तुहुं	**कोकिज्जहि/कोकियहि/** = राजा के द्वारा तुम बुलाये जाते हो। आदि
नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	सो	**कोकिज्जइ/कोकियइ/** = राजा के द्वारा वह बुलाया जाता है। आदि
नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	सा	**कोकिज्जइ/कोकियइ/** = राजा के द्वारा वह बुलायी जाती है। आदि
नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	तं	**रक्खिज्जइ/रक्खियइ/** = राजा के द्वारा वह (राज्य) रक्षा किया जाता है। आदि
नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	कहा/कह	**सुणिज्जइ/सुणियइ/** = राजा के द्वारा कथा सुनी जाती है। आदि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्तृवाच्य
वर्तमानकाल एकवचन

कर्ता-प्रथमा	कर्म-द्वितीया	क्रिया-कर्ता के अनुसार	
हउं	**पइं/तइं**	देखउं/आदि	= मैं तुमको देखता हूँ।
तुहुं	**तं**	देखहि/आदि	= तुम उसको देखते हो।
सो	**मइं**	देखइ/आदि	= वह मुझको देखता है।
सा	**मइं**	देखइ/आदि	= वह मुझको देखती है।
माया/माय	**मइं**	पालइ/आदि	= माता मुझे पालती है।
माया/माय	**पइं/तइं**	पालइ/आदि	= माता तुमको पालती है।
माया/माय	**तं**	पालइ/आदि	= माता उसको पालती है।
हरि/हरी	**मइं**	पणमइ/आदि	= हरि मुझको प्रणाम करता है।
हरि/हरी	**पइं/तइं**	पणमइ/आदि	= हरि तुमको प्रणाम करता है।
हरि/हरी	**तं**	पणमइ/आदि	= हरि उसको प्रणाम करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मवाच्य

वर्तमानकाल एकवचन

कर्ता-तृतीया	कर्म-प्रथमा	क्रिया-परिवर्तित कर्म के अनुसार	
मइं	तुहुं	**देखिज्जहि/देखियहि/** आदि	= मेरे द्वारा तुम देखे जाते हो।
पइं/तइं	सो/सा	**देखिज्जइ/देखियइ/** आदि	= तुम्हारे द्वारा वह देखा जाता है/देखी जाती है।
तें/तेण/तेणं	हउं	**देखिज्जउं/देखियउं/** आदि	= उसके (पुरुष) द्वारा मैं देखा जाता हूँ।
ताए/तए	हउं	**देखिज्जउं/देखियउं/** आदि	= उसके (स्त्री) द्वारा मैं देखा जाता हूँ।
मायाए/मायए	हउं	**पालिज्जउं/पालियउं/** आदि	= माता के द्वारा मैं पाला जाता हूँ।
मायाए/मायए	तुहुं	**पालिज्जहि/पालियहि/** आदि	= माता के द्वारा तुम पाले जाते हो।
मायाए/मायए	सो/सा	**पालिज्जइ/पालियइ/** आदि	= माता के द्वारा वह पाला जाता है/पाली जाती है।

हरिं हरीं हरिएं हरीएं हरिणं हरीणं हरिण हरीण	हउं	**पणमिज्जउं/पणमियउं/** आदि	= हरि के द्वारा मैं प्रणाम किया जाता हूँ।
	तुहुं	**पणमिज्जहि/पणमियहि/** आदि	= हरि के द्वारा तुम प्रणाम किये जाते हो।
	सो/सा	**पणमिज्जइ/ पणमियइ/** आदि	= हरि के द्वारा वह प्रणाम किया जाता है/की जाती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्तृवाच्य

वर्तमानकाल एकवचन

कर्ता-प्रथमा	कर्म-द्वितीया	क्रिया-कर्ता के अनुसार	
साहु साहू	**मइं**	कोकइ/आदि	= साधु मुझको बुलाता है।
	पइं/तइं	कोकइ/आदि	= साधु तुमको बुलाता है।
	तं	कोकइ/आदि	= साधु उसको बुलाता है।
	कहा/कह	सुणइ/आदि	= साधु कथा सुनता है।
नरिंदु नरिंदो नरिंद नरिंदा	**अम्हे/अम्हइं**	कोकइ/आदि	= राजा हमको बुलाता है।
	तुम्हे/तुम्हइं	कोकइ/आदि	= राजा तुम (सब) को बुलाता है।
	त/ता	कोकइ/आदि	= राजा उनको बुलाता है।
	त/ता/ताउ/तउ/ ताओ/तओ	कोकइ/आदि	= राजा उन (स्त्रियों) को बुलाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मवाच्य

वर्तमानकाल एकवचन

कर्ता-तृतीया	कर्म-प्रथमा	क्रिया-परिवर्तित कर्म के अनुसार
साहुं साहूं साहुएं साहूएं साहुण साहूण साहुणं साहूणं	हउं	**कोकिज्जउं/कोकियउं/** आदि = साधु के द्वारा मैं बुलाया जाता हूँ।
	तुहुं	**कोकिज्जहि/कोकियहि/** आदि = साधु के द्वारा तुम बुलाए जाते हो।
	सो/सा	**कोकिज्जइ/कोकियइ/** आदि = साधु के द्वारा वह बुलाया जाता है/ बुलाई जाती है।
	कहा/कह	**सुणिज्जइ/सुणियइ/** आदि = साधु के द्वारा कथा सुनी जाती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्तमानकाल बहुवचन

नरिंदें नरिंदेण नरिंदेणं	अम्हे/अम्हइं	**कोकिज्जहुं**/आदि	= राजा के द्वारा हम बुलाये जाते हैं।
	तुम्हे/तुम्हइं	**कोकिज्जहु**/आदि	= राजा के द्वारा तुम (सब) बुलाए जाते हो।
	त/ता	**कोकिज्जन्ति**/ **कोकिज्जहिं**/आदि	= राजा के द्वारा वे बुलाये जाते हैं।
	ता/त/ताओ/ तओ/ताउ/तउ	**कोकिज्जन्ति**/ **कोकिज्जहिं**/आदि	= राजा के द्वारा वे बुलाई जाती हैं।

नोट - (1) इसी प्रकार कर्तृवाच्य में कर्म में द्वितीया बहुवचन को दूसरे वाक्यों में प्रयोग कर लेना चाहिए।

(2) विधि एवं आज्ञा में विधि एवं आज्ञा के प्रत्यय लगा देने चाहिए (तीनों पुरुषों एवं दोनों वचनों में)।

1. उपर्युक्त वाक्यों में इकारान्त और उकारान्त पुल्लिग शब्दों का प्रथमा एकवचन और तृतीया एकवचन में प्रयोग किया गया है।

(1) इकारान्त पुल्लिग शब्दों से प्रथमा एकवचन बनाने के लिए **'0', 0→दीर्घ (इ→ई)** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - हरि, हरी तथा तृतीया एकवचन बनाने के लिए अनुस्वार (-), (-)→**ईं**, **'एं'**, **'एं'→ईएं**, **'ण'**, **ण→ईण**, **'णं'**, **णं→ईणं** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे - हरिं, हरीं, हरिएं, हरीएं, हरिण, हरीण, हरिणं, हरीणं।

2. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ सकर्मक हैं।

3. इकारान्त और उकारान्त पुल्लिग शब्दों से तृतीया बहुवचन बनाने के लिए **'हिं'**, **हिं→ईहिं**, **'हिं'**, **हिं→ऊहिं** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे- हरिहिं, हरीहिं, साहुहिं, साहूहिं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 54

संज्ञा

(सकर्मक क्रियाएँ)

(1) इकारान्त संज्ञा शब्द (पुल्लिग)

सामि = मालिक,
रहुवइ = रघुपति,
कइ = कवि,
करि = हाथी,
मुणि = मुनि,
जोगि = योगी,
पइ = पति,
ससि = चन्द्रमा,
हत्थि = हाथी,
पाणि = प्राणी,
भाइ = भाई,
केसरि = सिंह,
गिरि = पर्वत,
रिसि = मुनि,
जइ = यति,
तवस्सि = तपस्वी,
नरवइ = राजा,
सेणावइ = सेनापति,
अरि = शत्रु,
मंति = मन्त्री,
विहि = विधि,

(2) उकारान्त संज्ञा शब्द (पुल्लिग)

जंतु = प्राणी
बिन्दु = बूँद
मच्चु = मृत्यु
सत्तु = शत्रु
रिउ = दुश्मन
सूणु = पुत्र
गुरु = गुरु
धणु = धनुष
तरु = पेड़
करेणु = हाथी
तेउ = तेज
पहु = प्रभु
पिउ = पिता
फरसु = कुल्हाड़ा
मेरु = पर्वत विशेष
विज्जु = बिजली
साहु = साधु
वाउ = वायु
जामाउ = दामाद
जंबु = जामुन
रहु = रघु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) सकर्मक क्रियाएँ

बोल्ल = बोलना,
पढ = पढ़ना,
भण = कहना,
कह = कहना,
मुण = जानना,
नम = नमस्कार करना,
जेम = जीमना,
खाद = खाना,
पिब = पीना,
इच्छ = इच्छा करना,
धार = धारण करना,
पेच्छ = देखना,
पेस = भेजना,
लिह = लिखना,
हण = मारना,
पीड = पीड़ा देना,
कर = करना,
चव = बोलना,
णिसुण = सुनना,
चुअ = त्याग करना,
लड्ड = लाड़-प्यार करना,
वण्ण = वर्णन करना,
सेव = सेवा करना
डंक = डसना,

बखाण = व्याख्यान करना
भुल = भूलना
सुमर = स्मरण करना
रंग = रंगना
ठेल्ल = ठेलना
ढोय = ढोना
चोर = चुराना
ओढ = ओढ़ना
ले = लेना
वह = धारण करना
विण्णव = कहना
मइल = मैला करना
दा = देना
सिंच = सींचना
बंध = बाँधना
थुण = स्तुति करना
चिंत = चिंता करना
मग्ग = माँगना
जण = उत्पन्न करना
हिंस = हिंसा करना
अस = खाना
मार = मारना
गा = गाना
वद्धाव = बधाई देना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 55

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) -

(1) स्वामी के द्वारा भोजन खाया जाता है। (2) कवि के द्वारा व्रत पाला जाता है। (3) हाथी के द्वारा जल पिया जाता है। (4) दुश्मन के द्वारा तुम ठगे जाते हो। (5) प्रभु के द्वारा हम देखे जाते हैं। (6) मुनि के द्वारा तुम (सब) भेजे जाते हो। (7) माता के द्वारा वह स्तुति किया जाता है। (8) गुरु के द्वारा मैं स्मरण किया जाता हूँ। (9) मित्र के द्वारा हम बधाई दिए जाते हैं। (10) उसके द्वारा धन माँगा जाता है।

(ख) -

(1) भाई के द्वारा मैं पुकारा जाऊँ। (2) उसके द्वारा लकड़ी रंगी जाए। (3) कवि के द्वारा गीत गाया जाए। (4) मेरे द्वारा पत्र लिखा जाए। (5) पिता के द्वारा हम भेजे जाएँ। (6) बहिन के द्वारा तुम लाड़ किए जावो। (7) साधु तुम सब की सेवा करे। (8) मेरे द्वारा वे देखे जाएँ। (9) तुम्हारे द्वारा वह स्तुति की जाए। (10) तुम्हारे द्वारा मैं बाँधा जाऊँ।

(ग) -

(1) शत्रुओं के द्वारा मैं मारा जाता हूँ। (2) हमारे द्वारा दुःख भूला जाए। (3) महिलाओं द्वारा परमेश्वर की स्तुति की जाए। (4) दामाद द्वारा भोजन खाया जायेगा। (5) कवियों द्वारा गीत गाया जाए। (6) योगी द्वारा शास्त्र सुना जायेगा। (7) पिता द्वारा तुम बुलाए जाओगे। (8) तपस्वी द्वारा हम स्मरण किए जाऐंगे। (9) नदी के द्वारा वे धारे जाऐंगे। (10) मन्त्री उसको नमस्कार करेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 56

भूतकालिक कृदन्त (कर्मवाच्य में प्रयोग)

अपभ्रंश में भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। **क्रिया** में भूतकालिक कृदन्त के प्रत्यय लगाकर भूतकालिक कृदन्त बना लिया जाता है (देखें - पाठ 41)। भूतकालिक कृदन्तशब्द **विशेषण** का कार्य करते हैं। जब सकर्मक क्रियाओं में इस कृदन्त के प्रत्यय लगाए जाते हैं, तो इसका प्रयोग **कर्मवाच्य** में ही किया जाता है। कर्मवाच्य बनाने के लिए कर्ता तृतीया (एकवचन अथवा बहुवचन) में रखा जाता है। कर्म जो द्वितीया (एकवचन अथवा बहुवचन) में होता है, उसको प्रथमा (एकवचन अथवा बहुवचन) में परिवर्तित किया जाता है तथा भूतकालिक कृदन्त के रूप (प्रथमा में परिवर्तित) कर्म के अनुसार चलते हैं। पुल्लिग में **'देव'** के समान, नपुंसकलिंग में **'कमल'** के समान, तथा स्त्रीलिंग में **'कहा'** के अनुसार इसके रूप चलेंगे। भूतकालिक कृदन्त अकारान्त होता है। स्त्रीलिंग बनाने के लिए कृदन्त में 'आ' प्रत्यय जोड़ा जाता है, तो शब्द आकारान्त स्त्रीलिंग बन जाता है।

सकर्मक क्रियाएँ

कोक = बुलाना,	**सुण** = सुनना,	**देख** = देखना
पणम = प्रणाम करना,	**रक्ख** = रक्षा करना,	**पाल** = पालना
अच्च = पूजा करना,	**इच्छ** = इच्छा करना	

(1) **पुल्लिंग**

नरिंदें/आदि	कइ/कई	कोकिअ/कोकिआ/ कोकिओ/कोकिउ	=	राजा के द्वारा कवि बुलाया गया।
नरिंदें/आदि	कइ/कई	कोकिअ/कोकिआ	=	राजा के द्वारा कवि बुलाए गए।
नरिंदेहिं/आदि	कइ/कई	कोकिअ/कोकिआ	=	राजाओं के द्वारा कवि बुलाए गए।
हरिं/हरीं/ हरिएं/हरीएं	दिवायर/दिवायरु/ दिवायरा/दिवायरो	अच्चिअ/अच्चिआ/ अच्चिओ/अच्चिउ	=	हरि के द्वारा सूर्य पूजा गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मायाए/मायए	*साहु/साहू*	*देखिअ/देखिआ/ देखिउ/देखिओ*	=	*माता के द्वारा साधु देखा गया।*
साहुहिं/साहूहिं	वयो/वयु/वय/वया	पालिअ/पालिआ/ पालिउ/पालिओ	=	साधुओं के द्वारा व्रत पाला गया।

(2) नपुंसकलिंग

नरिंदें/आदि	धण/धणु/धणा	इच्छिअ/इच्छिआ/ इच्छिउ	=	राजा के द्वारा धन चाहा गया।
जोगिहिं/जोगीहिं	णाण/णाणु/णाणा	पणमिअ/पणमिआ/ पणमिउ	=	योगियों के द्वारा ज्ञान प्रणाम किया गया।
रज्जें/रज्जेण/ रज्जेणं	सासण/सासणु/ सासणा	रक्खिअ/रक्खिआ/ रक्खिउ	=	राज्य के द्वारा शासन रक्षा किया गया।
सूणुहिं/सूणूहिं	सोक्ख/सोक्खा/ सोक्खु	इच्छिअ/इच्छिआ/ इच्छिउ	=	पुत्रों द्वारा सुख चाहा गया।

(3) स्त्रीलिंग

नरिंदें/आदि	पसंसा/पसंस	सुणिआ/सुणिअ	=	राजा के द्वारा प्रशंसा सुनी गई।
सेणावइं/सेणावईं/ सेणावइएं/सेणावईएं/ सेणावइण/सेणावईण/ सेणावइणं/सेणावईणं	सरिआ/सरिअ	देखिआ/देखिअ	=	सेनापति के द्वारा नदी देखी गई।
पिउं/पिऊं/ पिउएं/पिऊएं/ पिउण/पिऊण/ पिउणं/पिऊणं	गंगा/गंग	पणमिआ/पणमिअ	=	पिता के द्वारा गंगा प्रणाम की गई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मायाए/मायए	कहा/कह/ कहाउ/कहउ/ कहाओ/कहओ	सुणिआ/सुणिअ सुणिआउ/सुणिअउ/ सुणिआओ/सुणिअओ	= माता के द्वारा कथाएँ सुनी गई।

---

1. उपर्युक्त सभी वाक्य कर्मवाच्य के हैं। इनमें कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा और क्रिया कर्म के लिंग और वचन के अनुसार होती है।
2. भूतकालिक कृदन्त को स्त्रीलिंग में प्रयोग करने से पहिले उसका स्त्रीलिंग बनाना चाहिए। **'आ'** प्रत्यय जोड़ने से भूतकालिक कृदन्त शब्द स्त्रीलिंग बन जाते हैं। जैसे - सुणिअ→**सुणिआ**, देखिअ→**देखिआ**, पणमिअ→**पणमिआ** आदि।
3. उपर्युक्त सभी क्रियाएँ सकर्मक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 57

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों की अपभ्रंश में रचना कीजिए -

(क) -

(1) मेरे द्वारा ग्रन्थ पढ़ा गया। (2) उसके द्वारा मित्र बुलाया गया। (3) दादा के द्वारा पुत्र लाड़-प्यार किया गया। (4) राजा के द्वारा गर्व धारण किया गया। (5) हमारे द्वारा पानी पिया गया। (6) उनके द्वारा कुए खोदे गए। (7) राम के द्वारा राक्षस मारे गए। (8) बालक के द्वारा वस्त्र फाड़े गए। (9) शत्रु द्वारा सेनापति मारा गया। (10) गुरु द्वारा मुनि की स्तुति की गई।

(ख) -

(1) नागरिक द्वारा भोजन खाया गया। (2) भाईयों द्वारा दूध पिया गया। (3) प्राणियों द्वारा कर्म बांधे गए। (4) कवि द्वारा गाने गाए गए। (5) मेरे द्वारा विमान देखे गए। (6) उसके द्वारा वैराग्य चाहा गया। (7) मेरे द्वारा लकड़ियाँ ढोई गई। (8) तुम्हारे द्वारा व्यसनों का वर्णन किया गया। (9) व्यापारी द्वारा कागज लिखे गए। (10) स्वामी द्वारा धागा काटा गया।

(ग) -

(1) उसके द्वारा आज्ञा पाली गई। (2) राम के द्वारा कथा सुनी गई। (3) यति के द्वारा शिक्षा धारी गई। (4) पुत्री के द्वारा लक्ष्मी चाही गई। (5) उसके द्वारा दया उत्पन्न की गई। (6) स्वामी द्वारा प्रतिष्ठा सुनी गई। (7) योगी द्वारा श्रद्धा की गई। (8) दामाद द्वारा झोंपड़ी देखी गई। (9) ऋषियों द्वारा प्रज्ञा जानी गई। (10) व्यापारियों द्वारा दया की गई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 58

इकारान्त, उकारान्त संज्ञा शब्द
पुल्लिंग, नपुंसकलिंग, स्त्रीलिंग

1. **इकारान्त संज्ञा शब्द (नपुंसकलिंग)**

दहि = दही,
अच्छि = आँख
अट्ठि = हड्डी,
वारि = जल
रवि = सूर्य

2. **उकारान्त संज्ञा शब्द (नपुंसकलिंग)**

महु = मधु,
जाणु = घुटना
अंसु = आँसू,
आउ = आयु
वत्थु = पदार्थ

3. **इकारान्त संज्ञा शब्द (स्त्रीलिंग)**

